दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 116 जयपुर, शनिवार, 06 अप्रैल, 2024 | चैत्र, कृष्ण पक्ष- द्वादशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**जरूरी खबर**

### लोकसभा चुनाव: कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र नाम दिया है। इस घोषणा पत्र को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने जारी किया। इसमें 5 न्याय और 25 गारंटियों का जिक्र किया गया है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जाति जनगणना, ओपीएस, नौकरी में 50 फीसदी महिला आरक्षण, किसानों के लिए स्वामीनाथन फॉर्मूले के साथ एमएसपी की कानूनी गारंटी, गरीब परिवार की एक महिला को हर साल 1 लाख रुपए, मुफ्त इलाज, अस्पताल, श्रमिकों के लिए 25 लाख का हेल्थ कवर, डॉक्टर, टेस्ट, दवा, सर्जरी और बिना जमीन वालों को जमीन देने का वादा किया है।

■ पेज 7 भी देखें

### NCERT: कक्षा 11-12 की किताबों में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी ने कुछ कक्षाओं के सिलेबस में अहम बदलाव किया है। यह बदलाव 11वीं-12वीं कक्षा की पॉलिटिकल साइंस के सिलेबस में किया गया है। नए सिलेबस के तहत बाबरी मस्जिद, हिंदुत्व की राजनीति, 2002 के गुजरात दंगों, मणिपुर और अल्पसंख्यकों से जुड़े कई संदर्भ हटा दिए गए हैं। ये बदलाव एनसीईआरटी की नई किताबों में कब से देखने को मिलेंगे, यह अभी साफ नहीं है, क्योंकि नया सेशन शुरू हो गया है और ये किताबें अभी बाजार में नहीं आई हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**प्रदेश के किसानों पर मौसम की मार:** कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि, टोंक-सवाई माधोपुर में चने की आकार के ओले गिरे

# प्रदेश में फिर पलटा मौसम का मिजाज... राजधानी में बूंदाबांदी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश पश्चिमी विक्षोम के असर से मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। शुक्रवार को इसके असर से प्रदेश के कई स्थानों पर शुक्रवार दोपहर बाद तेज अंधड़ के साथ बारिश हुई और चने के आकार के ओले गिरे। इससे खेतों में काटकर रखी गई फसलें भीगने से खराब हो गई। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को प्रदेश के कुछ भागों में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली और तेज हवाओं चलने की संभावना बताई गई है। राजधानी जयपुर में भी शुक्रवार को दिनभर ठंडी हवाएं चली। रात में कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विभाग ने शनिवार को भी शहर में बारिश होने की संभावना जताई है।



### दो दिन बाद होगी गर्मी

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक प्रदेश में दो दिन बाद से मौसम में बदलाव आने की संभावना है। साथ ही प्रदेश में गर्मी में बढ़ोतरी होगी। पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढ़ेगा। इससे जयपुर सहित अन्य शहरों का तापमान 39 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

### नागौर, टोंक में तेज अंधड़ के बाद ओलावृष्टि

प्रदेश के नागौर, टोंक, सवाई माधोपुर में भी बारिश और ओलावृष्टि हुई। नागौर जिले के कुचेरा और मूंडवा क्षेत्र में दोपहर बाद तेज अंधड़ के साथ बारिश हुई और चने के आकार के ओले गिरे। फसलें भीगने से खराब हो गई। मूंडवा के थिरोड गांव सहित कुचेरा क्षेत्र के फिरोजपुरा, रूपाथल, गाजू, लुणसरा, सिंधलास, बुटाटी आदि गांवों में तेज अंधड़ के साथ चने के आकार के ओले गिरे। वहीं, टोंक में शुक्रवार दोपहर तक मौसम सामान्य रहा, लेकिन शाम होते-होते तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया और चने के आकार के ओले गिरने लगे। इससे गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। वही, सवाई माधोपुर में भी बारिश होने से तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आ गई।

### जैसलमेर के फलसूंड में 14 एमएम बरसात

सरहदी जिले जैसलमेर के फलसूंड और आसपास क्षेत्र में शुक्रवार की शाम बदले मौसम व तेज बारिश से गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली। फलसूंड में 14 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है। शाम करीब 4 बजे बाद आसमान में काले बादल छा गए। इसके बाद तेज हवाएं चलने लगी। इसके बाद तेज हवा के साथ तूफानी बारिश होने लगी और चने के आकार के ओले भी गिरे।

**चूरू में देवेंद्र झाझड़िया के समर्थन में चुनावी रैली में PM मोदी ने कहा...**

# अब तक जो काम किया वो स्टार्टर... थाली अभी बाकी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चूरू में चुनावी रैली की और भाजपा उम्मीदवार देवेंद्र झाझड़िया के लिए वोट मांगे। पीएम ने कहा कि बीते 10 साल में हमने कई काम किए हैं, लेकिन ये बहुत कम है। अभी तक जो मोदी ने किया है, वो तो सिर्फ बड़े होटलों में मिलने वाला स्टार्टर है, अभी तो खाने की पूरी थाली बाकी है।

पीएम मोदी ने तीन तलाक का जिक्र करते हुए कहा कि यह कानून हमारी मुस्लिम बहनों की मदद कर रहा है। वे यह समझें कि यह तीन तलाक आपके जीवन पर तो खतरा था ही, मोदी ने आपकी रक्षा तो की है, लेकिन मोदी ने हर मुस्लिम परिवार की भी रक्षा की है। कांग्रेस पार्टी ने डरे-डरे हुए एक एडवाइजरी निकाली है। उन्होंने सबसे कहा है कि राम मंदिर की चर्चा निकले तो मुंह पर ताला लगा लेना। उनको लगने लगा है कि अगर राम का नाम लिया तो पता नहीं कब राम-राम हो जाए। यह हाल हो गया है उनका।



### देश नहीं रुकने दूंगा, देश नहीं झुकने दूंगा

मोदी ने 26 फरवरी, 2019 को दिए अपने भाषण को याद करते हुए कहा कि मैं चूरू आया था। उसी समय देश ने बालाकोट में एयर स्ट्राइक की थी। हमने आतंकियों को सबक सिखाया था। चूरू की धरती पर जिन शब्दों को मैंने दोहराया था, आज एक बार फिर मैं अपने उन भावों को दोहरा रहा हूं- 'सौगंध मुझे इस मिट्टी की, मैं देश नहीं मिटने दूंगा, मैं देश नहीं रुकने दूंगा, मैं देश नहीं झुकने दूंगा, मेरा वचन है भारत मां को, तेरा शीश नहीं झुकने दूंगा।

### देवेंद्र झाझड़िया से पुराना नाता

मेरा और देवेंद्र का पुराना नाता: मोदी ने कहा कि मेरा और देवेंद्र झाझड़िया का पुराना नाता है। जब मैं उनसे पहली बार मिला तो उनकी मां की बातें मेरे मन को छू गईं। देवेंद्र को टिकट देने के पीछे मोदी का मकसद यही था कि गरीब मां के सपने पूरे होने चाहिए।

### कितना भी झूठ फैलाओ... मोदी डरने वाला नहीं

मोदी ने कहा कि कांग्रेस के एक सांसद के घर से 300 करोड़ रुपए मिले हैं। ईडी ने दस साल में भ्रष्टाचारियों से एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति जब्त की है। मैं इन परिवारवादियों से कहना चाहता हूं कि कितने भी झूठ फैला हो, मोदी डरने वाला नहीं है। कांग्रेस सिर्फ अपना हित देखती है। ये वही लोग हैं, जिन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर का सम्मान नहीं किया। आपातकाल लगाया। संविधान को बंधक बनाया। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं दिया। भाजपा ने देश को पहला दलित राष्ट्रपति, आदिवासी राष्ट्रपति दिया।

### कांग्रेस कर रही आस्था का अपमान

पीएम मोदी ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोगों ने भगवान राम को काल्पनिक बताया था। कुछ महीने पहले ही अयोध्या में राम मंदिर का सपना पूरा हुआ। कांग्रेस पार्टी खुलेआम हमारी आस्था का अपमान कर रही थी। देश ने कांग्रेस के पापों की हमेशा कीमत चुकाई है।

### सेना के शौर्य के सबूत मांगे गए

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सेना ने जब सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक की, तब घमंडिया गठबंधन के लोग सेना से शौर्य के सबूत मांग रहे थे। सेनाओं का अपमान, देश का विभाजन कांग्रेस पार्टी की पहचान है। जब तक कांग्रेस के लोग सत्ता में रहे, हमारे जवानों के हाथ बांधकर रखे। दुश्मन हमला करके चला जाता था, वे जवानों को जवाब देने की इजाजत नहीं देते थे।

### भाजपा ने जो कहा, वो किया

पीएम ने कहा कि मोदी ने जो गारंटी दी थी, उसे पूरा किया है। भाजपा जो कहती है, वो जरूर करती है। दूसरी पार्टियां की तरह भाजपा केवल घोषणा पत्र जारी नहीं करती। हम संकल्प पत्र लेकर आते हैं। 2019 में हमने जो संकल्प पत्र जारी किया था, उसके ज्यादातर संकल्प पूरे हो चुके हैं।

### दुनिया सोच रही थी कि भारत बर्बाद हो जाएगा

पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना जैसा संकट आया। दुनिया सोच रही थी कि भारत बर्बाद हो जाएगा और दुनिया को भी बर्बाद कर देगा। इसी संकट में भारत ने अपने देश को दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया। राजस्थान में कहते हैं-अपनी करणी, पार उतरणी। हमने परिश्रम किया, रिजल्ट दिया।

### आज पुष्कर में सभा को करेंगे संबोधित



**अजमेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अजमेर और नागौर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सभा में संबोधित करेंगे। राजनीतिक दृष्टि से मोदी की शनिवार को होने वाली सभा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पुष्कर में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने पुष्कर में सभा नहीं की है। सुरक्षा एजेंसियों ने सभास्थल, मेला ग्राउंड और हेलिपैड को सुरक्षा की दृष्टि से अपने कब्जे में ले लिया है। बीजेपी नेताओं का दावा है कि मोदी को सुनने के लिए 1 लाख के करीब लोग पुष्कर आएंगे। बीजेपी के संगठन महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि मोदी की सभा में अजमेर और नागौर जिले से बड़ी संख्या में लोग पुष्कर आएंगे। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा और उनमें प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई।

## जयपुर में सोनिया और खरगे की सभा आज



**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव के रण में कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश से राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शनिवार को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। इस सभा में कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र 'न्याय पत्र' को जनता के बीच लॉन्च किया जाएगा।

इस सभा में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के भी आने की संभावना है। जयपुर की इस सभा के बहाने कांग्रेस जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण के साथ ही सीकर दौसा, अलवर और अजमेर की सीट के चुनावी समीकरण साधेगी। इन 6 सीटों के प्रत्याशी भी सभा में मौजूद रहेंगे। कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता रैली की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, अमृता धवन ने विद्याधर नगर स्टेडियम पहुंचकर सभा की तैयारियों का जायजा लिया।

## आरबीआई ने रेपो रेट में नहीं किया बदलाव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। रिजर्व बैंक ने एक बार फिर रेपो रेट को 6.5% पर बरकरार रखा है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसकी जानकारी दी है। रेपो रेट पर फैसले से ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाए आम लोगों को निराशा हाथ लगी है। इसके अलावा रिजर्व बैंक ने रिवर्स रेपो रेट 3.35 प्रतिशत पर यथावत रखा है।

महंगाई को चार प्रतिशत पर लाने और वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से रेपो दर को यथावत रखा गया है। यह लगातार सातवां मौका है जब रेपो दर में बदलाव नहीं किया गया है। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा है। एक अप्रैल से शुरू हुए नए वित्त वर्ष में एमपीसी की कुल छह बैठकें आयोजित होंगी।





**फरवरी 2023 में आखिरी बढ़ोतरी:** केंद्रीय रिजर्व बैंक ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो रेट में बढ़ोतरी की थी। इस बढ़ोतरी के बाद रेपो रेट 6.5 प्रतिशत कर दी गई। इसके बाद लगातार 7 बार केंद्रीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक हो चुकी है।

**माइक्रोसॉफ्ट की चेतावनी**

# चीनी हैकर्स AI टूल्स के जरिए कर सकते हैं लोकसभा चुनाव को प्रभावित

- हथियार जितने खतरनाक हो गए हैं एआई टूल्स
- अमेरिका समेत कई देशों में इसका हो चुका दुरुपयोग
- सरकारों और कानूनी एजेंसियों को हाई-अलर्ट पर रहने की जरूरत

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

इसी माह लोकसभा चुनाव 2024 शुरू हो रहे हैं, जो 19 अप्रैल से शुरू होकर 1 जून तक चलेंगे। इससे पहले सरकार को चेतावनी मिली है कि पड़ोसी देश चीन के हैकर्स AI टूल्स के जरिए चुनाव को प्रभावित करना चाहते हैं।

टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने एक ब्लॉग पोस्ट में बताया है कि किस तरह हैकर्स AI टूल्स का इस्तेमाल वोटर्स को प्रभावित करने के लिए कर सकते हैं। कंपनी ने लिखा है कि हैकर्स की वजह से AI टूल्स किसी हथियार जितने खतरनाक हो गए हैं। जेनरेटिव AI टूल्स के साथ डीपफेक और एडिटेड वीडियोज बनाना आसान हो गया है और अब तो लोकप्रिय नेताओं की आवाज तक को क्लोन किया जा सकता है। ऐसे में हैकर्स फेक अकाउंट्स आसानी से ऑपरेट कर सकते हैं। भारत और अमेरिकी सरकार के साथ चीन का टकराव साल 2020 में अमेरिका की ओर से लगाए गए व्यापारिक ट्रेड बैन के बाद से देखने को मिल रहा है। माइक्रोसॉफ्ट के थ्रेट एनालिस्ट सेंसर ने पाया है कि चुनाव के वक्त में सरकारों और कानूनी एजेंसियों को हाई-अलर्ट पर रहने की जरूरत है।



### डीपफेक जैसे खतरों से भी बचकर रहना होगा

पोस्ट में सामने आया है कि चीन फेक सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए चुनाव का हिस्सा बनने जा रहे वोटर्स को किसी भी नेता या पार्टी की झूठी छवि दिखा सकता है। पिछले साल अगस्त में भी चाइनीज हैकर्स ने प्रोपोगंडा चलाया था कि अमेरिकी सरकार मौसम में बदलाव करने से जुड़े मिलिट्री-ग्रेड हथियार टेस्ट कर रही है, जिस पर चर्चा छिड़ गई थी। साफ है कि सरकार को चुनाव के वक्त में साइबर सुरक्षा से जुड़ी मजबूत तैयारी करनी होगी। इसके अलावा डीपफेक जैसे खतरों से भी बचकर रहना होगा।

### ताइवान के चुनाव में चीन ने किया था दुष्प्रचार

रिपोर्ट में जनवरी में ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान एआई-की मदद से दुष्प्रचार अभियान में चीन के पिछले प्रयास की भी जानकारी दी गई है। यह विदेशी चुनाव को प्रभावित करने के लिए एआई की मदद से बनाए गए कंटेट का उपयोग करने वाली चीनी सरकार समर्थित साइबर एजेंसी का पहला कारनामा है। बीजिंग समर्थित एक समूह, जिसे स्टॉर्म 1376 या स्पामौफ्लैज के नाम से जाना जाता है, इस अवधि के दौरान विशेष रूप से सक्रिय था। वह यूट्यूब पर नकली सामग्री पोस्ट कर रहा था और विजेता उम्मीदवार के बारे में एआई-जनरेटेड मीम्स बना रहा था।

## जरूरी खबर

### भाजपा के स्थापना दिवस पर रोशनी से सजा मुख्यालय



**बेधड़क.जयपुर।** भाजपा के 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रदेश मुख्यालय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश मुख्यालय को रंग-बिरंगी रोशनी और भगवा बांदरवाल से सजाया गया है। वहीं कार्यालय के मुख्य द्वार पर सजावट भी की गई है। भाजपा प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर ने बताया कि सुबह 09:15 बजे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ध्वजारोहण करेंगे। इसके साथ ही संगठन की विभिन्न गतिविधियों के संदर्भ में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। वहीं देशभर के 10 लाख से ज्यादा बूथों पर विशेष कार्यक्रम का आयोजित किए जाएंगे।

### दूसरे चरण के लिए 271 नामांकन सही, 33 खारिज

**बेधड़क.जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के अंतर्गत दूसरे चरण के 13 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों से प्राप्त नामांकन पत्रों की शुक्रवार को संवीक्षा की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि संवीक्षा में 191 प्रत्याशियों के 271 नामांकन सही पाए गए। 25 प्रत्याशियों के 33 नामांकन जांच में खारिज हुए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में द्वितीय चरण के मतदान के लिए 8 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान और 4 जून को मतगणना होगी।

### 'आओ बूथ चलें' अभियान 7 व 14 अप्रैल को



**बेधड़क.जयपुर।** लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी एवं शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए आगामी 7 एवं 14 अप्रैल को आओ बूथ चलें अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत मतदान केंद्रो पर मतदाता परिवारों को मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका का वितरण किया जाएगा। अभियान के तहत मतदान केंद्रों पर वोटर लिस्ट में नाम, मतदाता क्रमांक, वोटर हेल्पलाइन एप, केवाईसी, सी-विजिल एप की जानकारी दी जाएगी। साथ ही मतदान दिवस पर मतदान केंद्र पर की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही बेस्ट सेल्फी को सम्मानित भी किया जाएगा।

---

पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण पंचारिया ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर साधा निशाना

# एक बार फिर आमजन को गुमराह करने का किया प्रयास

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। घोषणा पत्र के जरिए कांग्रेस ने हर वर्ग को साधने की कोशिश की । इस बीच बीजेपी को ये घोषणा पत्र रास नहीं आया है। कांग्रेस के घोषणापत्र पर भाजपा ने हमला बोला है।

पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण पंचारिया ने कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर घोषणा पत्र के जरिए जनता को गुमराह करने की कोशिश की है, लेकिन जनता अब इस भ्रम में नहीं फंसेगी। देश की जनता को पीएम मोदी की गारंटी पर भरोसा है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी में अपना घोषणापत्र जारी किया। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को सालाना एक लाख की राशि, किसानों के लिए एमएसपी को कानूनी दायरे में लाने, जातीय जनगणना और नरेगा श्रमिकों के लिए 400 रुपए की राशि निर्धारित करने सहित कई वादे किए हैं। कांग्रेस ने इस घोषणा पत्र में हर वर्ग को साधने की कोशिश की है।





### घोषणा पत्र के नाम पर दिखावा

नारायण पंचारिया ने कहा कि कांग्रेस आजादी के बाद से ही आम जनता को गुमराह करती आई है। इतने साल देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार रही, लेकिन देश के विकास के नाम पर सिर्फ राजनीति की। चुनाव आते हैं, घोषणा पत्र जारी किया जाता है, लेकिन ये सब भ्रम फैलाने और गुमराह करने के लिए है। कांग्रेस चुनाव के समय घोषणा पत्र जारी कर दिखावा करती है। कभी जनता के हित में काम नहीं किया, इसलिए जनता ने उन्हें नकार दिया है। पंचारिया ने कहा कि 2023 में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए, सब ने देखा कांग्रेस को किस तरह से जनता ने नकार दिया। देश की जनता का विश्वास मोदी और उनकी गारंटी पर है।

### अब जनता भ्रम में नहीं फंसेगी

नारायण पंचारिया ने आगे कहा कि कांग्रेस राज में पहले साक्षरता दर बहुत कम थी, इस कारण लोग उनकी बातों में आ जाते थे। अब देश की जनता सब समझ रही है। अब ये श्रमिकों की बात कर रहे हैं। गरीब महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की बात कर रहे हैं, लेकिन आजादी के इतने साल क्या किया ?, उसका भी जनता जवाब मांग रही है। अब कांग्रेस कितने वादे कर ले, कोई भ्रम में नहीं फंसेगा।

### घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा: जोशी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर पलटवार करते हुए झूठ का पुलिंदा बताया। सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने 55 सालों तक देश पर राज किया, इस दौरान उन्होंने किसान, गरीब कल्याण और देशहित में क्या किया यह जनता जानना चाहती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि जनता से झूठ वादे करके सत्ता हासिल करती आ रही है। जो काम कांग्रेस ने 55 सालों में नहीं किए भाजपा की मोदी सरकार ने उससे ज्यादा काम पिछले दस सालों में कर दिखाया। सालों तक गरीबी हटाओं का नारा देने वाली कांग्रेस ने गरीबी हटाने पर कभी काम नहीं किया, मोदी सरकार ने पिछले दस सालों में देश के विकास और हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया। मोदी सरकार के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौडगढ से भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी आज चित्तौड़गढ़ में विभिन्न कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

---

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हेलिकॉप्टर से पहुंचे चाकसू के दौरे पर

# BJP प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो, सभा में गिनाई उपलब्धियां

- हेलीपैड पर विधायक रामावतार बैरवा ने की सीएम की अगवानी
- वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया स्वागत

**बेधड़क** | चाकसू

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को चाकसू के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने दौसा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा के समर्थन में रोड शो कर जनता से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की।

मुख्यमंत्री यहां शाम 6 बजे करीब हेलिकॉप्टर से पहुंचे। टोक रोड़ स्थित जयसिंहपुरा गांव में हेलीपेड पर विधायक रामावतार बैरवा ने सीएम शर्मा की अगवानी की ओर बुके भेंटकर भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री कोटखावदा मोड़ बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर पहुंचे और माल्यार्पण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ओपन जीप में सवार होकर चाकसू कस्बे में रोड शो किया।

मुख्यमंत्री मुख्य बाजार से होकर तहसील चौराहा, सब्जी मंडी, फांसी मार्केट से होते हुए फागी रोड़ स्थित ज्योतिबा फुले सर्किल से चुनाव कार्यालय पहुंचे। इस दौरान जगह जगह मुख्यमंत्री का लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर कार्यकर्ताओ उत्साहित देखे। सीएम ने हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन किया।





### गिनाई भाजपा सरकार की उपलब्धियां

रोड शो के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल ने जनसभा का संबोधित किया। इसमें उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करें और भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड वोटों से विजयी बनाकर संसद में भिजें। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हमारी सरकार को अभी 90 दिन हुए हैं। इस अल्पकाल में घोषणा पत्र के मुताबिक हमने वादे पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार से क्षेत्र का विकास संभव है। सीएम शर्मा ने कहा कि भाजपा-एनडीए के अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को देश की जनता पूरा करने का मन बना चुकी है।

### रोड शो में दिखा भारी जनसैलाब

सीएम भजन लाल के रोड शो में भारी जनसैलाब दिखाई दिया। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के साथ भजनलाल सरकार के जमकर नारे लगे। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ केबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, स्थानीय विधायक रामावतार बैरवा, पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता कैलाश शर्मा, जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर, नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, जिला उपाध्यक्ष श्रवण गुर्जर, चाकसू प्रधान प्रतिनिधि बद्री नारायण चौधरी, कोटखावदा प्रधान प्रहलाद मीणा, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी व पार्षद विनोद राजोरिया, पार्षद दिनेश शर्मा, पवन सांवरिया, मेहराज खान, गिर्राज डुंगरी, लालाराम जादम, मोहित अग्रवाल समेत कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

पर्यवेक्षकों ने किया नियंत्रण कक्षों का दौरा

# सी-विजिल एप पर शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण के निर्देश



**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक कामिनी चौहान रतन एवं दिलराज सिंह ने शुक्रवार को जिला निर्वाचन कार्यालय में संचालित विभिन्न नियंत्रण कक्षों एवं प्रकोष्ठों का निरीक्षण किया।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने सामान्य पर्यवेक्षकों को सी-विजिल कंट्रोल रूम, चुनाव नियंत्रण कक्ष, आचार संहिता नियंत्रण कक्ष एवं चुनाव प्रकोष्ठ सहित लोकसभा चुनाव के तहत संचालित नियंत्रण कक्षों एवं प्रकोष्ठों की कार्यप्रणाली और कार्य प्रगति, सोशल मीडिया सेल एवं लाइव वेब कास्टिंग प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से अब तक प्राप्त 177 में से सभी 177 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। जिले में सी-विजिल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का औसत समय 43 मिनट से भी कम है। जो कि लोकसभा चुनाव के तहत पूरी टीम का सतर्कता एवं समर्पण भाव से कार्य निष्पादन का परिणाम है। इस दौरान सामान्य पर्यवेक्षकों ने सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सामान्य पर्यवेक्षकों ने सी-विजिल कंट्रोल रूम, चुनाव नियंत्रण कक्ष, आदर्श आचार संहिता नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को नियंत्रण कक्षों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। सामान्य पर्यवेक्षकों के निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक, अतिरिक्त जिला कएेक्टर (पूर्व) सुमन पंवार, सोशल मीडिया सेल प्रभारी ऋतेश कुमार शर्मा सहित अन्य संबंधित प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

---

परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलने से गुस्साए विद्यार्थी

# जाम लगाकर किया विरोध-प्रदर्शन

**बेधड़क** | चाकसू



कस्बे में स्थित मानव कॉलेज में परीक्षा देने आए विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिलने से रोष व्याप्त हो गया। गुस्साए विद्यार्थियों ने कस्बे की मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

थाना प्रभारी कैलाश दान ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पहुंची और विद्यार्थियों से समझाइश की। इसके बाद विद्यार्थी सड़क से हट गए। बताया जा रहा है कि राजस्थान यूनिवर्सिटी की ओर से परीक्षाएं आयोजित की कराई जा रही है। सुबह 7 बजे से तृतीय वर्ष की परीक्षा है। कस्बे के मानव कॉलेज में एग्जाम सेंटर है। यहां विद्यार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे थे, लेकिन कॉलेज प्रबंधन ने देरी से आने का हवाला देकर परीक्षा सेंटर में जाने से रोक दिया। इससे कई विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित रह गए। ऐसे में गुस्साए विद्यार्थियों ने कुछ समय के लिए सड़क पर आकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। विद्यार्थियों का कहना था कि उन्हें हमें परीक्षा में प्रवेश दिया जाए, अन्यथा साल खराब हो जाएगा। वे सिर्फ 2-4 मिनट ही लेट हुए थे। इधर कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि 7 बजे से परीक्षा शुरू हो जाती है और 6.40 तक विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। कई विद्यार्थी निर्धारित समय से लेट थे। इसलिए उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया।

---

राजस्थान पुलिस और सीबीएस साइबर फाउंडेशन के बीच एमओयू

# साइबर क्राइम के खिलाफ चलेगा अभियान

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में पुलिस साइबर अपराधों की रोकथाम और साइबर क्राइम के नए-नए तरीकों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सीबीएस साइबर फाउंडेशन के साथ मिलकर कार्य करेगी।

इस दिशा में शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में महानिदेशक, साइबर अपराध, एससीआरबी एवं तकनीकी सेवाएं रवि प्रकाश मेहरड़ा की मौजूदगी में राजस्थान पुलिस और फाउंडेशन के बीच एमओयू हुआ। राजस्थान पुलिस की ओर से महानिरीक्षक, एससीआरबी शरत कविराज तथा सीबीएस साइबर फाउंडेशन की तरफ से फाउंडर और सीईओ डॉ. सीबी शर्मा (रिटायर्ड आईपीएस) ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत दोनों पक्ष मिलकर कम्प्यूटर तकनीकी के सुरक्षित उपयोग के लिए नागरिकों को सजग और सतर्क बनाने के लिए साइबर अवेयरनेस कैम्पेन चलाएंगे। इसमें कम्प्यूटर्स, मोबाइल, सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स, ई-कॉमर्स एप्लीकेशन, ऑनलाइन बैंकिंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) एवं मशीन लर्निंग टेक्नोलॉजी के सुरक्षित उपयोग के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा साइबर अवेयरनेस के लिए सेमीनार, वर्कशॉप, वेबिनार एवं कॉन्फ्रेंस जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। वहीं ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स, ऑनलाइन डिप्लोमा कोर्स, साइबर सिक्योरिटी ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और रिसर्च जैसे विषयों पर भी साझा पहल की जाएगी।



---

12 लोकसभा सीटों पर होम वोटिंग शुरू, 16 अप्रैल तक होगा मतदान

# घर से सरकार चुनने का मिला मौका... दिखाई दी लोकतंत्र की खूबसूरती


**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में शुक्रवार को लोकतंत्र की खूबसूरत तस्वीर सामने आई। लोकसभा चुनाव के तहत बुजुर्ग व दिव्यांग वोटरों के लिए होम वोटिंग प्रक्रिया शुरू हुई। पहले चरण की 12 सीटों पर इन लोगों ने घर से वोट डालकर सरकार चुनी।

प्रदेश में होम वोटिंग की शुरुआत सुबह 8.45 बजे जयपुर शहर लोकसभा सीट पर एक रिटायर्ड आरएएस अधिकारी से हुई। किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के शास्त्री नगर एरिया में रहने वाले रिटायर्ड आरएएस ए.एल. बैदी के यहां टीम पहुंची और वोट डलवाया। वहीं, नागौर में एक 92 साल की बुजुर्ग महिला ने भी वोट किया। जो 11 महीने से बिस्तर पर हैं। उनके कमर के नीचे की हड्डियां टूटी हुई हैं। इसी तरह जयपुर के बनीपार्क निवासी कमला देवी ने बताया कि 93 वर्ष आयु होने के कारण वह मतदान करने से परहेज करने लगी थी। उन्हें चलने और खड़े रहने में समस्या का सामना करना पड़ता था। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की इस मानवीय पहल से मैं आज घर पर बैठे-बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग कर पा रही हूँ। कमला देवी ने मतदान के बाद अपनी खुशी जताई। उधर शास्त्री नगर निवासी दिव्यांग पुलकित शर्मा ने भी होम वोटिंग के माध्यम से घर से मतदान किया। होम वोटिंग के पहले दिन 87 वर्षीय एन. आर. माथुर ने भी होम वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाया। उन्होंने मतदान कर कहा कि मन प्रफ्फुलित है कि निर्वाचन आयोग मतदान स्थल को हमारे घर तक पहुंचा कर हमारा मान बढ़ाया है। किसी कारण से मतदाता के होम वोटिंग के लिए अनुपस्थित या वंचित रह जाने पर दूसरा चरण 15 से 16 अप्रैल के बीच होगा।

वहीं, जयपुर, सीकर, श्रीगंगानगर और बीकानेर समेत 12 सीटों पर पहले चरण में कुल 36,558 मतदाताओं ने होम वोटिंग का विकल्प चुना है, जिसमें 27,524 सीनियर सिटीजन और 9,306 दिव्यांग वोटर्स हैं।





### 20 से ज्यादा टीमें ने डलवाए वोट

जयपुर जिला निर्वाचन क्षेत्र में डाक मतपत्र प्रकोष्ठ के प्रभारी अयूब खान ने बताया कि हर टीम में 2 मतदान अधिकारी, एक माइक्रो ऑब्जर्वर, एक पुलिसकर्मी और एक वीडियोग्राफर है। उन्होंने बताया कि जयपुर शहर में 194 टीमें अलग-अलग जगहों के लिए रवाना हुई हैं। टीमों को अलग-अलग रूटों पर भेजा गया है, जिन घरों पर मतदाता नहीं मिले वहां दूसरे चरण में टीम जाएगी। ये प्रक्रिया 16 अप्रैल तक जारी रहेगी।

### जयपुर में 93 एवं ग्रामीण में 96% मतदान

लोकसभा चुनाव के तहत होम वोटिंग की सुविधा से जयपुर शहर में 93.73 फीसदी एवं जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में 96.78 फीसदी मतदान हुआ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में पहले दिन होम वोटिंग के लिए पंजीकृत कुल 718 में से 673 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### पूर्व न्यायाधीश ने भी वोट डाला

जयपुर में पूर्व न्यायाधीश वीएस दवे ने भी घर से मतदान किया। उन्होंने बताया कि साल 1952 से वोट करते आ रहा हूं। मैंने कभी भी वोट देना नहीं छोड़ा। अब मेरी उम्र 92 साल हो गई है। इसलिए जो होम वोटिंग का विकल्प चुना। इसके लिए मैं इलेक्शन कमिशन का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि हर वोटर का दायित्व कि देश के लिए विकास के लिए संसद में सही आदमी चुनकर भेजें।

## जरूरी खबर

### गणगौर महोत्सव में 175 महिलाएं देंगी प्रस्तुति



**जयपुर।** अमेजिंग डांस अकादमी की ओर से झोटवाड़ा में हनुमान वाटिका बोरिंग चौराहा पर रविवार को गणगौर घूमर महोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हाथोज धाम के बालमुकुंदाचार्य जी व मंजू शर्मा होंगे। महोत्सव में करीब 175 महिलाएं घूमर डांस करती नजर आयेंगी, इसमें 150 महिलाएं वर्कशॉप के दौरान घूमर डांस की ट्रेनिंग लेने वाली महिलाएं शामिल रहेंगी। मुख्य संयोजक संजय प्रजापत ने बताया कि लगातार दूसरे साल होने वाले इस महोत्सव में गणगौर माता की भव्य सवारी मुख्य आकर्षण होंगी। इस कार्यक्रम में महिलाओं को पुरस्कृत भी किया जायेगा, जिसमें बेस्ट गणगौर क्वीन,बेस्ट ड्रेस, बेस्ट डांस सेगमेंट शामिल है। अर्चना पुरोहित विजेताओं को बेस्ट गणगौर क्वीन,बेस्ट ड्रेस, बेस्ट डांस में पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। कोरियोग्राफर संजय प्रजापत ने बताया कि इस अवसर पर नमिता अग्रवाल, सुनीता पाटीदार, पायल राजवानी,शबनम प्रवीन भी मौजूद रहेंगी।

### तालकटोरा से निकाला 50 किलो कचरा

**जयपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर निगम हेरिटेज ने शुक्रवार को तालकटोरा झील पर सफाई श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया। इस श्रमदान में निगम के अधिकारियों, सफाई कर्मचारियों, सीफार, एनजीओ सहित लगभग 50 प्रतिनिधियों ने मिलकर तालकटोरा झील से लगभग 50 किलो कचरा बाहर निकाला। इस अवसर पर हेरिटेज निगम अतिरिक्त आयुक्त रोनक बैरागी, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सोनिया अग्रवाल, जिला परियोजना अधिकारी अमित शर्मा सहित निगम के अन्य अधिकारी और सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## रमजान के आखिरी शुक्रवार को जुमातुल विदा पर खुदा के सजदे में झुके लाखों सिर... मांगी अमन-चैन की दुआ



*जयपुर। राजधानी में रमजान के आखिरी शुक्रवार को जुमातुल विदा पर मुस्लिम भाइयों ने एक साथ नमाज अदा की। इस अवसर पर सबसे बड़ी नमाज जौहरी बाजार स्थित जामा मस्जिद में की गई। मुफ्ती शहर मोहम्मद जाकिर नोमानी ने नमाज अदा करवाई। इससे पूर्व जामा मस्जिद के सेक्रेटरी जहीर उल्ला खान ने सालभर का लेखा-जोखा पेश किया। इसके बाद जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती सैयद अमजद अली ने नमाज और रोजे के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही रोजों के बाद 11 महीने इसी तरह से जिंदगी गुजारने की नसीहत दी।*

फोटो: राजेश कुमावत

## बिंदायका में हादसा: गोदाम में रखा लाखों का माल जलकर राख

# गोदाम में आग: 20 झोंपड़ियां जली मजदूरों ने भाग कर बचाई जान

बेधड़क | जयपुर

राजधानी के बिंदायका इलाके में शुक्रवार को एक टेंट गोदाम में भीषण आग लग गई। आग से आस-पास के इलाके में दहशत फेल गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की सात गाड़ियों की मदद से करीब ढाई घंटे में आग पर काबू पाया। आग से गोदाम में रखा लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया। टेंट गोदाम के पास बनी करीब 20 कच्ची झोपड़ी आग की चपेट आ गई। जिस समय आग लगी, उस समय कच्ची झोपड़ियों में मजदूर रह रहे थे, जो काम पर जाने की तैयारी कर रहे थे। आग लगने पर मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई। आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



### गोदाम में रखे गद्दों से आग विकराल

बिंदायका थानाप्रभारी भजन लाल ने बताया कि सिरसी रोड पर पालवाले बालाजी के मंदिर के पास टेंट का एक गोदाम है। सुबह करीब 11 बजे अचानक टेंट गोदाम में आग लग गई। गोदाम में रखे गद्दे व अन्य सामान चपेट में आने पर आग ने विकराल रुप ले लिया। गोदाम में भीषण आग की लपटों को उठता देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने पास ही स्थित कच्ची झोपड़ियों को चपेट में ले लिया। भीषण आग को देखकर मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई।



### सात दमकलों को लगाने पड़े कई फेरे

आग लगने की सूचना पर बिंदायका थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत बिजली बंद करवाते हुए दमकल विभाग को सूचना दी। लोगों की मदद से पुलिस ने आग बुझाने का प्रयास किया। कुछ ही देर में पहुंची सात दमकलों ने कई फेरे लगाकर दोपहर करीब 1:30 बजे आग पर काबू पाया। आग से गोदाम में रखा लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से करीब बीस झोपड़िया जलकर राख हो गई है। झोपड़ियों में रहने वाले लोगों के भागने से जान बच गई, लेकिन उसमें रखा सामान जलकर राख हो गया।

## आज किया जाएगा विशेष शृंगार

# गलता पीठ में मनाई जाएगी पयोहारी जी महाराज की जयंती



बेधड़क | जयपुर

उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि श्री गलता जी में संस्थापक आचार्य कृष्णदास पयोहारी महाराज की जयंती शनिवार को गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में मनाई जाएगी।

श्री गलता पीठ के युवराज स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि इस अवसर पर गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य जी महाराज द्वारा प्रातः पयोहारी बाबा की गुफा पर उनके चित्र का पूजन किया जाएगा। इसके बाद दुग्ध एवं दुग्ध से निर्मित मिष्ठान का भोग लगाया जाएगा। श्री गलता जी स्थित सभी मंदिरों में भगवान का विशेष शृंगार किया जाएगा और उन्हें विशेष भोग लगाया जाएगा।

पयोहारी जी महाराज की विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अर्चना की जाएगी। श्री गलता जी में पयोहारी जी महाराज द्वारा प्रज्वलित किए गए 521 वर्ष प्राचीन 'अखण्ड-धूणा' का भी पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर शाम को 6 बजे पयोहारी जी महाराज की अति प्राचीन गुफा की सामूहिक महाआरती की जाएगी।

## एक साल से फरार था इनामी बदमाश

# श्मशान में नशा करने आया, पकड़ा गया

बेधड़क | जयपुर

पुलिस आयुक्तालय की जिला स्पेशल टीम ने शुक्रवार को 10 हजार के इनामी बदमाश को पकड़ा है। शास्त्री नगर थाना पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।



पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि हार्डकोर बदमाश विशाल तिवाड़ी उर्फ बिट्टू उर्फ इल्या (24) निवासी मूर्ति नगर शेखावत कॉलोनी करणी विहार को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक साल से फरार चल रहा था। डीसीपी नॉर्थ की ओर से बदमाश विशाल तिवाड़ी पर दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। विशाल के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में 18 केस दर्ज हैं। स्पेशल टीम के हेड कॉन्स्टेबल मनेन्द्र सिंह, कॉन्स्टेबल कोमल सिंह और भरत सिंह को सूचना मिली कि विशाल सिरसी रोड श्मशान घाट में नशे की डील के लिए आता-जाता है। इस पर पुलिसकर्मियों ने श्मशान घाट में डेरा डाला। पिछले चार दिन-रात श्मशान घाट में निगरानी रखने के लिए वहीं रहकर खाया-पीया। शुक्रवार रात इनामी बदमाश विशाल तिवाड़ी श्मशान घाट आया तो तीनों पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर बदमाश को धर-दबोचा।

## जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-13 में की बड़ी कार्रवाई

# 7 बीघा भूमि पर बनी अवैध कॉलोनी ध्वस्त

बेधड़क | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण ने जोन-13 निजी खातेदारी की करीब सात बीघा कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया है। साथ ही जोन-13 के चौमू में नारंग हॉस्पिटल के पास जेडीए की बिना अनुमति और स्वीकृति के बनी चार मंजिला अवैध बिल्डिंग को सील किया है।



मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन आठ के नरोत्तमपुरा, जयसिंहपुरा भांकरोटा में पूर्व में अक्टूबर 2022 और मई 2023 में दो बार ध्वस्त बंशीवट धाम के नाम से अवैध कॉलोनी में करीब सात बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण कराएं अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। इस पर दस्ते ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल कर दिया। वहीं, जोन-13 के चौमूं में जयपुर रोड पर नारंग हॉस्पिटल के पास जेडीए की बिना अनुमति और स्वीकृति के चार मंजिला अवैध निर्माण को भी सील किया है।

जेडीए ने इस अवैध निर्माण बन्द कराने के लिए भवन मालिक को पाबंद किया था, लेकिन निर्माणकर्ता अवैध निर्माण जारी रखा। इस पर टीम ने चार मंजिला अवैध बिल्डिंग के प्रवेश द्वारों को इंजीनियरिंग की शाखा की मदद से गेटों पर ताले सील चपड़ी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सील कर दिया।

## पुलिस मुख्यालय स्तर से की जा रही है सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की विशेष मॉनिटरिंग

# 'फेक न्यूज और हेट स्पीच' डाली तो मिलेगा 'टेक डाउन नोटिस'

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय के स्तर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की विशेष मॉनिटरिंग की जा रही है। किसी भी जिले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'फेक न्यूज और हेट स्पीच' के प्रकरण सामने आने पर उनको हटाने के लिए राजस्थान पुलिस के स्टेट क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एससीआरबी) के महानिरीक्षक द्वारा 'टेक डाउन नोटिस' की कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य में आईटी एक्ट 2000 तथा इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी (इंटर मीडयरी गाइडलाइन एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) रूल्स, 2021 के तहत कानून या किसी भी अधिनियम का उल्लंघन करने वाले को 'टेक डाउन नोटिस' जारी करने के लिए राजस्थान पुलिस के महानिरीक्षक, पुलिस, एससीआरबी प्राधिकृत अधिकारी है।




### प्रकरणों पर कड़ी निगरानी के निर्देश

राजस्थान पुलिस के महानिरीक्षक, पुलिस, एससीआरबी शरत कविराज ने बताया कि सभी जिलों में पुलिस तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अधिकारियों के नेटवर्क के साथ समन्वय करते हुए सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और हेट स्पीच के मामलों की निगरानी की जा रही है।

### पोस्ट हटाने के लिए होगी त्वरित कार्रवाई

स्टेट क्राइम रिकार्ड ब्यूरो की ओर से प्रदेश के सभी जिलों के जिला पुलिस अधीक्षकों तथा जयपुर और जोधपुर के पुलिस उपायुक्तों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे जिला सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों और जिला मॉनिटरिंग सेल के मध्य समन्वय रखते हुए 'फेक न्यूज और हेट स्पीच' के प्रकरणों पर कड़ी निगरानी रखें। ऐसे मामले प्रकाश में आने पर संबंधित पोस्ट को हटाने के लिए त्वरित कार्रवाई करें।

### कंटेंट का लिंक एससीआरबी को भेजे जाएंगे

प्रदेश के सभी जिलों से प्रतिदिन सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स जैसे ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं यूट्यब और कू आदि पर 'फेक न्यूज और हेट स्पीच' की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा गया है। इसके साथ ही ऐसी सूचनाओं की पहचान करने के साथ ही सोशल मीडिया पर प्रसारित कंटेंट के लिंक को निर्धारित फॉर्मेट में भरकर एससीआरबी को भेजने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसकी नियमित समीक्षा करते हुए नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 'टेक डाउन नोटिस' जारी करने की कार्रवाई की जाएगी।

### सोसाइटी पदाधिकारियों पर धोखाधड़ी का मामला

**जयपुर।** खो नागोरियन थाना इलाके में स्थित वैलीविष्टा अपार्टमेंट मेंटिनेंस सोसाइटी के पदाधिकारियों पर सोसायटी का पैसा गबन करने का मामला सामने आया है। खो नागोरियन थाने में परिवादी शाहबाज सिदृीकी ने शिकायत दी कि अपार्टमेंट की मेंटिनेंस के लिए वैलीविष्टा रेजीडेंटस वेलफेयर सोसाइटी संचालित है, जिसके पदाधिकारी डां धमेन्द्र, इश्तिहाक जाफरी और हरेनद्र सिंह है। परिवादी मनोज, परविंदर शर्मा, आलम, तेजू बाबु लाल व अन्य सभी ने आरोप लगाए कि इन तीनों पदाधिकारियों ने सोसाइटी के खाते से पैसे निकालकर अपने काम में ले लिए। जब अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों ने हिसाब मांगा तो लड़ने पर उतारू हो गए और परिवादी को जान से मारने की धमकी देने लगे।

## जरूरी खबर

### बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री 8 को आएंगे जोधपुर



**जोधपुर।** विश्व हिंदू परिषद की ओर से संचालित रामनवमी महोत्सव समिति की ओर से 12वीं रोड रामलीला मैदान में हिंदू हनुमंत शक्ति जागरण का आयोजन 8 अप्रैल को किया जाएगा। इसमें बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बतौर मुख्य वक्ता शामिल होंगे। महोत्सव समिति के अध्यक्ष संदीप काबरा ने बताया कि जन जन के मन को राममय करने और सनातन धर्म जागृति समरसता युक्त समाज के उद्देश्य से इस बार रामनवमी महोत्सव भव्य तरीके से मनाया जाएगा।

### पेयजल किल्लत को लेकर लोगों ने जताया विरोध

**अलवर।** नगर निगम के वार्ड-8 के महिला-पुरुषों ने पार्षद को साथ लेकर शुक्रवार को पेयजल संकट को लेकर विरोध जताया। लोगों ने कहा कि 4 दिन में दो बाल्टी पानी भी नहीं मिल पा रहा। नहाने धोने का पानी नहीं है। मजदूरी करने वाले परिवार 500 रुपए का टैंक मंगाने की क्षमता नहीं रखते हैं। ऐसे में कोई सुध लेने वाला नहीं है। पार्षद सुनील चौधरी ने कहा कि वार्ड 8 में चौथे दिन पानी आता है। केवल 10 से 12 मिनट पानी आता है। अफसर बोले कि स्कीम चार की बोरिंग सूख गई है। सरकार के मंत्री को भी अवगत कराया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पानी का स्टोरेज ही कम हो गया। इसके चलते सप्लाई कम हो गई है।

### बीडीओ से मारपीट के आरोपी सरपंच को किया गिरफ्तार



**दौसा।** जिला पुलिस ने सिकराय बीडीओ के साथ मारपीट कर राजकार्य में बाधा डालने के मामले में आरोपी सरपंच को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उस पर एसपी ने पांच हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था। जानकारी के अनुसार 16 मार्च को ठिकरिया सरपंच कमलेश मीना ने अपने ड्राइवर बलराम के साथ मिलकर बीडीओ बाबूलाल के ऑफिस में घुसकर मारपीट की थी। दौसा पुलिस ने इस मामले की गंभीरता के लेते हुए आरोपी सरपंच के ड्राइवर बलराम को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। सरपंच वारदात को अंजाम देने के बाद से ही फरार चल रहा था।

---

**तिलवाड़ा पशु मेले का झंडारोहण के साथ आगाज,** लोक कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुतियां

# लूनी नदी किनारे सुनाई देगी घोड़ों की टाप, ऊंटों के होंगे करतब

**बेधड़क** | बालोतरा

तिलवाड़ा का प्राचीन मल्लीनाथ पशु मेले का शुक्रवार को झंडारोहण के साथ आगाज हुआ। दोपहर 12.30 बजे कलेक्टर सुशील कुमार ने ने शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे झंडारोहण के साथ मेले का विधिवत शुभारंभ हुआ। मेले को लेकर प्रशासन की ओर से समुचित तैयारियां की गई है।



आगामी 19 अप्रैल तक चलने वाले मेले में पशुओं की खरीद-फरोख्त के साथ ही कई तरह की प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं राजस्थानी लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया कि पशु मेले में पहले दिन माता रानी भटियानी संस्थान जसोल की ओर से लूणी नदी की महाआरती की गई। वहीं लोक कलाकार यूसुफ खान एंड पार्टी की ओर से भपंग वादन से प्राचीन वाद्य यंत्र कला का प्रदर्शन किया।। इसके साथ ही मेवाती लोकगीत, शिव भजन, लोक भजन, कलयुग भजन का भी आयोजन किया गया। मेले का झंडारोहण के साथ शुभारंभ करने के बाद कलेक्टर सुशील कुमार ने पशुपालकों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मेला अवधि के दौरान सफाई, पानी, बिजली, चारा एवं यातायात व्यवस्थाओं के साथ पशुपालकों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करने के निर्देश दिए।

पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा उपलब्ध करवाने के लिए ग्राम सेवा सहकारी समिति की ओर से चारा डिपो खोला गया है। वहीं मेला मैदान के आगजनी घटनाओं की रोकथाम के लिए मेला अवधि के दौरान अग्नि शमन वाहन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

#### उन्नत नस्ल के पशुओं की खरीद-फरोख्त

इस पशु मेले में उन्नत नस्ल के पशुओं की खरीद-फरोख्त की जाती है। देश के विभिन्न हिस्सों से पशुओं को बेचने और खरीदने वाले इस आते हैं। इसमें सांचोर नस्ल के बैलों के अलावा बड़ी संख्या में मालानी नस्ल के घोड़े और ऊंट की भी बिक्री होती है। इस बार भी मेले में बड़ी संख्या में पशु पालक पहुंचे हैं। उन्हें मेले में अच्छी बिक्री होने की उम्मीद है।

#### मल्लीनाथ की स्मृति में लगात है मेला

मेले के बारे में मान्यता है कि यह मेला वीर योद्धा रावल मल्लीनाथ की स्मृति में आयोजित होता है। जानकारों का कहना है कि विक्रम संवत 1431 में मलीनाथ के गद्दी पर आसीन होने के शुभ अवसर पर एक विशाल समारोह का आयोजन किया गया था। इसमें दूर-दूर से हजारों लोग शामिल हुए। आयोजन की समाप्ति पर लौटने के पहले इन लोगों ने अपनी सवारी के लिए ऊंट, घोड़ा और रथों के सुडौल बैलों का आपस में आदान-प्रदान किया। इसके बाद यहीं से इस मेले का उद्भव हुआ। इस मेले का संचालन पशुपालन विभाग ने सन 1958 में संभाला। यह मेला प्रतिवर्ष चैत्र बुदी ग्यारस से चैत्र सुदी ग्यारस तक बालोतरा जिले के पचपदरा तहसील के के तिलवाड़ा गांव में लूनी नदी पर लगता है।

---


**मंत्री दिलावर ने गहलोत और डोटासरा पर बोला जुबानी हमला**

# जितना खाना है खा लें... जेल में मिलेगी गिनती की रोटियां

**बेधड़क** | कोटा

राज्य के शिक्षा व पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर जुबानी हमला बोला है। दिलावर ने कहा कि जिस तरह से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चिल्ला चिल्लाकर कहते थे कि उन्हें कोई गिरफ्तार नहीं कर सकता है, वैसे ही गोविंद सिंह डोटासरा बोल रहे हैं।

ऐसे में अशोक गहलोत और डोटासरा को उनकी सलाह है कि दोनों जितना खाना है अभी खा लें। उसके बाद उन्हें जेल में गिनती की रोटियां मिलेंगी और ऊपर से चक्की भी पिसनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इन दोनों नेताओं ने पेपर बेचकर करोड़ों रुपए कमाए हैं। ऐसे में अब ईडी इन्हें छोड़ेगी नहीं। दरअसल, दिलावर गुरुवार को रामगंजमंडी क्षेत्र के दौरे पर थे। यहां वो भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में प्रचार करने आए थे। इसी दौरान उन्होंने पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें डोटासरा ने कहा था कि 'दिलावर ने मां का दूध पिया है तो उन्हें गिरफ्तार करवा कर बताएं'। दिलावर ने कहा कि इन लोगों ने प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर बेचे और उससे करोड़ों रुपए कमाए। यह पेपर लीक नहीं हुए थे, बल्कि इन्होंने राजीव गांधी स्टडी सर्किल में उसे रखवाए थे, जहां कभी भी पेपर नहीं रखे जाते थे। यहां तक कि चाबी भी चोरों को सौंप दी गई थी और उन चोरों ने ताला खोला और फिर पेपर बेच दिए थे।



#### दोनों की तरफ बढ़ रही है ईडी की जांच

मंत्री मदन दिलावन ने कहा कि डोटासरा और गहलोत की तरफ ईडी की जांच बढ़ रही है। दोनों अपराधी हैं। मैं बार-बार कह रहा हूं कि ईडी इन्हें छोड़ेगी नहीं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चोर हैं, आज भी जेल में है और कुछ दिन में वजन 4 किलो कम हो गया है। मैं गोविंद सिंह डोटासरा और गहलोत को भी सलाह देता हूं कि वो जमकर खा पी लें। उसके बाद जब उन्हें जेल जाना पड़ेगा, तब गिनती की चार-चार रोटी मिलेंगी। डोटासरा को घमंड करने और इतराने की जरूरत नहीं है।

#### कांग्रेस को बताया सनातन विरोध

शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर कोटा-बूंदी के प्रत्याशी ओम बिरला के लिए समर्थन में मतदान की अपील करने कोटा पहुंचे। यहां उन्होंने रामगंज मंडी के वार्ड नंबर 1 में जनसभा को संबोधित किया और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। दिलावर ने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा कि इन्हें केसरिया यानी भगवा से आपत्ति है। कांग्रेस को सनातन विरोधी बताते हुए कहा कि ये लोग शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप और झांसी की रानी के विरोधी हैं। अगर इनको इतना परहेज है तो अग्नि से केसरिया निकलता है, तो गर्म भोजन करना छोड़ दें, सूर्य से केसरिया किरणें निकलती हैं तो किरणों को लेना छोड़ दें।

#### कांग्रेस को सागर में डूबो देना चाहिए

मदन दिलावर यही नहीं रुके, उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में किताबों में स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को आतंकवादी बताया गया। रामप्रसाद बिस्मिल को डकैत कहा गया। बच्चों को बताया कि वे अंग्रेजो का सामान लूटते थे। मुगल शासक अकबर को महान होने का पाठ पढ़ाया गया, जबकि असलियत तो यह है कि अकबर एक आक्रांता था। वह मीना बाजार लगाकर सुन्दर महिलाओं को उठाकर ले जाने का काम करता था। ऐसी कांग्रेस पार्टी को हिंद महासागर में डुबा देना चाहिए, ताकि दोबारा ऐसी सोच न उठ सके।

---

**मृतकों के परिवार में कोहराम**

# दो सड़क हादसों में 4 की मौत, 3 घायलों की हालत गंभीर



**बेधड़क** | सिरोही

जिले के पिंडवाड़ा व कालंद्री थाना क्षेत्र में दो सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की ओर से बताया गया कि गुरुवार रात को जिले के दो स्थानों पर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इन हादसों में चार लोगों की मौत हो गई।

वहीं, दुर्घटना में घायल तीन लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सभी का उपचार चल रहा है। पहली घटना पिंडवाड़ा थाना क्षेत्र के आमली गांव की है। पिंडवाड़ा थाना अधिकारी हमीर सिंह ने बताया कि गांव में एक समाज विशेष की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें एक बाइक सवार कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपने घर को लौट रहा था, वहीं एक अन्य बाइक सवार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहा था। इसी दौरान दोनों बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने पिंडवाड़ा सरकारी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल आमली निवासी रमेश, प्रकाश और राजू का इलाज चल रहा है। घायल प्रकाश और राजू राम को सिरोही ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जबकि रमेश को गंभीर स्थिति होने पर गुजरात के पालनपुर रेफर कर दिया गया। इधर, कालंद्री थाना क्षेत्र में गुरुवार रात को नून और जैला गांव के बीच दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में भीनमाल तवाव निवासी कृष्ण कुमार पुत्र भोमा भील और विठन रामसीन निवासी पोपट पुत्र खंगार की मौके पर ही मौत हो गई।

---

**ग्यादासपुरा गांव में किसान के पशु बाड़े में घुसा**

# पैंथर ने किया 12 बकरियों का शिकार

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले में सरमथुरा थाना क्षेत्र के ग्यादासपुरा गांव में एक किसान के पशु बाड़े पर पैंथर ने शिकार को लेकर हमला कर दिया। पैंथर के हमले से पशु बाड़े में बंधी 12 बकरियों की मौत हो गई एवं 15 बकरियां घायल हो गई। वहीं 15 से अधिक बकरियां लापता बताई जा रही हैं। पीड़ित किसान हेमसिंह पुत्र लालपति मीणा ने बताया कि उनके बाड़े में पैंथर ने बकरियों पर हमला कर दिया। इस हमले में पैंथर ने 12 बकरियों को मार दिया तथा 15 बकरियों को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि रात में सोते समय अचानक से बकरियों के चिल्लाने की आवाजें जोर-जोर से आने लगी। उन्होंने बाहर आकर देखा, तो पैंथर बकरियों के बाड़े में घुस आया। शोर मचाने पर पैंथर वहां से भाग निकला। बाड़े में जाकर देखा तो कई बकरियां मरी हुई पड़ी थीं और कई बकरियां घायल अवस्था में तड़प रही थीं। पीड़ित किसान ने बताया कि उसके पूरे परिवार का खर्च बकरियों से होने वाली आय से चलता है। उसका परिवार बेहद ही गरीब है। उसने बताया कि बकरी पालन से ही वह अपना गुजर-बसर करता है। घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम व रेंजर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि बकरियों के बाड़े में पैंथर के द्वारा इन बकरियों को मारा गया है। जिस पर सरमथुरा वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पगमार्क चिह्न लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है।



---

**मतदाता जागरूकता: 'वोट फॉर नेशन' की बनाई मानव आकृति**

# 8 हजार प्रतिभागियों ने दिया मतदान का संदेश

**बेधड़क** | भरतपुर

जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता के लिए शुक्रवार को अभिनव प्रयोग करते हुए 8 हजार प्रतिभागियों की भागीदारी से पुलिस परेड ग्राउंड में 'वोट फॉर नेशन' की मानव आकृति बनाकर मतदान करने का संदेश दिया।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत यह आकृति बनाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अमित यादव ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव में कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे, इस उद्देश्य से 8 हजार प्रतिभागियों ने पुलिस परेड ग्राउंड में 'वोट फॉर नेशन' के संदेश के मानव आकृति का निर्माण किया। मतदाता जागरूकता की श्रृंखला में अधिकारियों द्वारा इलेक्शन बुलेटिन का विमोचन कर मतदान की शपथ दिलाई गई। सामान्य पर्यवेक्षक सौरभ जैन ने कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों को लोकतंत्र के उत्सव के बारे में जानकारी दी और मतदान के अधिकार की अहमियत के बारे में समझाया। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी अपने माता-पिता व परिजनों सहित समस्त जानकारों व आस-पड़ोस के लोगों को 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित करें और लोकतंत्र में अपनी भूमिका का निर्वहन करें।




उन्होंने कार्यक्रम में शामिल राजीविका समूह की महिलाओं को चुनाव आयोग के सौ प्रतिशत मतदान के ध्येय को साकार करने के लिए बढ़चढकर मतदान में हिस्सा लेने का आह्वान किया। सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने मतदान की महत्ता बताते हुए कहा कि लोकतंत्र में एक-एक मत अमूल्य है। सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे तो देश के लोकतन्त्र को मतबूती मिलेगी।

---

**जोधपुर रेंज में नवगठित एसआईटी की बडी सफलता**

# सोलर सिस्टम लूट गिरोह पकड़ा, आठ कुख्यात बदमाशों को दबोचा

**बेधड़क** | जोधपुर

औद्योगिक इकाइयों में लूट, डकैती की रोकथाम के लिए गठित की गई एसआइटी द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सेवंथ हॉर्स में बड़ी सफलता हासिल हुई है। जोधपुर के फलौदी जिले के सोलर प्लांट में इन घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के सरगना सहित आठ कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में सोलर प्लेट, रोल कंडक्टर तार, गॉज वायर इत्यादि बरामद किए गए हैं।



उल्लेखनीय है कि जोधपुर रेंज की औद्योगिक इकाइयों खासकर सोलर संयंत्र एवं विंडमिल संयंत्रों में हो रही आपराधिक वारदातों के खुलासे के लिए रेंज स्तरीय विशेष दल का गठन कर पूरे ऑपरेशन को सेवंथ हॉर्स का नाम दिया गया था। इसकी कमान रेंज आईजी विकास कुमार के हाथों में थी। इस एसआइटी में नवगठित साइक्लोनर एवं टॉरमैडो तथा स्ट्रांग टीमों के चुनिंदा सदस्यों को शामिल किया गया है। एसआइटी को अपराधिक गिरोह की आसूचना संकलन कर उनपर विशेष निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। मात्र 15 दिनों के अंदर इस टीम ने बड़े गिरोह को दबोच कर वर्ष की तीन बड़ी डकैती, लूट की वारदातों का खुलासा करने में सफलता हासिल की है।

#### लूट का माल खरीदने वाले कबाड़ी भी गिरफ्तार

आईजी ने बताया कि शिव प्रताप के साथ ही टीम ने बदमाश रामस्वरूप, विनोद, आमिर, सिदास, मोहम्मद शरीफ, मकसूद व रईस को भी पकड़ा है। रईस भी 0029 गैंग का सक्रिय सदस्य है। पकड़े गए अन्य अपराधी लूट के कई मामलों में वांछित तथा कुछ माल खरीदने वाले कबाड़ी है। इनके पास से टीम ने 33 सोलर प्लेट, विशेष धातु के तीन पिलर, दो रोल कंडक्टर तार, चार रोल गॉज वायर व भारी मात्रा में बैक स्टे क्रॉस प्लेटें बरामद की है। गिरफ्तार बदमाशों से अनुसंधान में काफी बरामदगी होने की आशा है। इस गैंग के अन्य आधा दर्जन बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। आईजी ने कार्रवाई करने वाली टीम को बधाई देते हुए विशेष पुरस्कार देने की घोषणा की है।



#### तीन बड़ी वारदातों का खुलासा

आईजी कुमार ने बताया कि फलोदी में अडानी के सोलर संयंत्र में मार्च महीने में डकैती तथा फायरिंग फरवरी में लूट तथा जनवरी में चोरी की वारदात हुई थी। मार्च में हुई वारदात में अपराधियों ने गार्ड को बंधक बनाकर फायरिंग कर डकैती की बड़ी वारदात को अंजाम दिया था। इन मामलों में एसआईटी द्वारा 8 कुख्यात अपराधियों को पकड़ा गया है। जिसमें गिरोह का सरगना 10 हजार रुपए का इनामी शिव प्रताप शामिल है। 0029 गैंग का सक्रिय सदस्य होने के साथ यह जैसलमेर जिले का नामी हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ 20 अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पूर्व में 0029 गैंग के सरगना के पकड़े जाने के बाद गैंग की कमान शिव प्रताप के हाथों में ही थी।

**जेईई मेन परीक्षा:** नकल रोकने में तकनीक की ली जा रही सहायता

# परीक्षा के पहले ही दिन एनटीए ने पकड़े नकल के 10 मामले

**बेधड़क** | जयपुर

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने विभिन्न परीक्षाओं में होने वाली नकल व अनफेयर मींस (अनुचित साधनों के प्रयोग) को नियंत्रित करने के लिए बड़ी तैयारी कर ली है। एनटीए की ओर से पिछले दिनों नोटिफिकेशन जारी कर नकल रोकने के लिए किए गए उपायों को जेईई-मेन अप्रैल सेशन में लागू कर दिया है और इसका असर पहले ही दिन नजर भी आ गया। जेईई-मेन अप्रैल सेशन की परीक्षाओं के पहले ही दिन एनटीए ने तकनीक की मदद लेते हुए नकल के 10 मामले पकड़ लिए। इसमें एक मामले में तो कैंडिडेट ही बदला हुआ पाया गया, वहीं 9 अन्य मामलों में अनुचित साधनों का प्रयोग सामने आया है। इस संबंध में एनटीए ने 4 अप्रैल की परीक्षा के बाद नोटिफिकेशन जारी कर सूचना दी।

### एनटीए ने जारी किया था नोटिफिकेशन

एनटीए के अनुसार इस वर्ष कैंडिडेट की पहचान एआई के माध्यम से की जा रही है। इसमें विद्यार्थी के प्रवेश पत्र के फोटो एवं परीक्षा केन्द्र पर खींचे गए फोटो को आई-फेस से मिलाकर देखा जा रहा है। कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि एनटीए की ओर से इससे पूर्व जारी किए गए एक अन्य नोटिफिकेशन के अनुसार अब 50 लाख से अधिक विद्यार्थियों के पारदर्शी परीक्षा के आयोजन की तैयारी की जा रही है। एनटीए वर्तमान में देश की सबसे बड़ी मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा के साथ केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में होने वाली बड़ी प्रवेश परीक्षा सीयूईटी करवा रहा है। इसके साथ ही कई भर्ती परीक्षाएं भी एनटीए द्वारा आयोजित की जा रही है।



### एआई टूल्स की ली जा रही मदद

नोटिफिकेशन के अनुसार एनटीए मॉल प्रेक्टिस एवं किसी भी प्रकार की नकल को रोकने के लिए अपनाए गए मैकेनिज्म को इन सभी परीक्षाओं पर समान रूप लागू करने जा रहा है। एनटीए द्वारा इस वर्ष परीक्षाओं को पारदर्शिता के साथ सुचारू रूप से कराने के लिए मल्टीपल वैरिफिकेशन, बायोमेट्रिक, ई-केवाईसी, विद्यार्थियों की चैकिंग एवं विभिन्न एआई बेस्ड टूल्स का प्रयोग किया गया है। परीक्षा के दौरान विद्यार्थी की हर एक्टिविटी को सीसीटीवी एवं एआई टूल्स के माध्यम से रिकॉर्ड किया जा रहा है। ऐसे विद्यार्थी जिनके व्यवहार में परीक्षा के दौरान किसी भी तरह का संशय पाया जाता है तो परीक्षा के बाद उनके लॉग को अध्ययन किया जाएगा, इसके बाद यदि विद्यार्थी नकल करने या अनुचित साधनों के उपयोग करने का दोषी साबित होता है तो नियमानुसार पब्लिक मॉल प्रैक्टिस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। आहूजा ने बताया कि जेईई-मेन की परीक्षा 12 अप्रैल तक होंगी। अप्रैल परीक्षा के लिए जनवरी के मुकाबले ज्यादा विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 12 लाख 57 हजार है। परीक्षा का परिणाम 20 अप्रैल तक जारी होने की संभावना है।

## Yuva स्टोरीज

### निष्पक्ष मतदान: नोखा के स्कूल में बनाई मानव श्रृंखला



**बेधड़क** | जसपुर

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चाचा नेहरू नोखा में आगामी लोकसभा चुनाव के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के वोट की मानव श्रृंखला बनाकर के शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। शाला प्राचार्य मनोज कुमार पाण्डेय ने मतदाताओं को निडर होकर, बिना भय लालच के मतदान करने के लिए प्रेरित किया। स्वीप कार्यक्रम में बीएलओ लिखमाराम मेघवाल, बीएलओ जाकिर हुसैन, बीएलओ विजय भाम्भू ने बच्चों से वोट की मानव श्रृंखला बनवाई व शत प्रतिशत मतदान के जागरूकता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष गिरधारी सिंह, शिवकरण बिश्नोई, जयश्री बैद, अश्विनी मोदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू नोई, सहायिका मेघा नाई सहित शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

### क्लाइमेट चेंज पर प्रो. सोलंकी का संबोधन आज

**बेधड़क** | जयपुर

स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान (एस.के.आई.टी) रामनगरिया, जगतपुरा, जयपुर में शनिवार को आईआईटी मुंबई के डिपार्टमेंट ऑफ़ एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग के प्रोफेसर व फाउंडर एनर्जी स्वराज फाउंडेशन प्रो. चेतन सिंह सोलंकी का उद्बोधण ज्ञान मंदिर ऑडीटोरियम एसकेआईटी में आयोजित किया जाएगा।

यह आयोजन इको फ्रैंड क्लब व रिन्यूएबल एनर्जी क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रो. सोलंकी के 100 से ज्यादा रिसर्च पेपर्स है और बहुत सारी किताबो के लेखक भी है। उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर बहुत सारे पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया है। उन्होंने क्लाइमेट चेंज के बारे में जागरूक करने के लिए एक पब्लिक मूवमेंट स्वराज यात्रा आरम्भ की है।

यह यात्रा आरम्भ करने से पहले उन्होंने संकल्प लिया की 11 साल वो अपने घर से दूर रह कर इस मूमेंट को आगे बढाएंगे। उनकी बस जिस से ये यात्रा आरम्भ की है वह सोलर एनर्जी से संचालित होती है।

### मास्टर प्रश्न पत्र के साथ प्राइमरी आंसर की जारी

**बेधड़क** | जसपुर

बीते साल राज्य सरकार की ओर से कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के 3 हजार 531 पदों पर निकाली गई भर्ती की लिखित परीक्षा हाल ही में 3 मार्च को संपन्न हुई, जिसका मास्टर प्रश्न पत्र और प्राइमरी आंसर की शुक्रवार को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने जारी की। बोर्ड ने प्रश्न पत्र में सम्मिलित किसी भी प्रश्न या उसके उत्तर में कोई भी आपत्ति होने पर 9 अप्रैल से 11 अप्रैल के बीच ऑनलाइन आपत्ति आमंत्रित की है।

अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क देकर बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। राजस्थान में जयपुर, जोधपुर, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, कोटा और उदयपुर जिलों में 310 परीक्षा केंद्रों पर सीएचओ भर्ती परीक्षा का आयोजन कराया गया था, जिसमें 92 हजार 49 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए थे। इनमें से 76।60 प्रतिशत यानी 70 हजार 514 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। अब इस भर्ती परीक्षा का मास्टर प्रश्न पत्र और प्राइमरी आंसर की जारी की गई है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने अपनी ऑफिसियल वेबसाइट पर इसे जारी किया है। बोर्ड सचिव डॉ। भागचंद बधाल ने बताया कि परीक्षा में अभ्यर्थियों को अलग-अलग सेट के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए गए थे। मास्टर प्रश्न पत्र में अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराए गए प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न अलग-अलग क्रमांक पर सम्मिलित हैं। अपलोड किए गए मास्टर प्रश्न पत्र के प्रश्न के उत्तर विकल्प भी अलग क्रम में हो सकते हैं। ऐसे में प्रश्न संख्या और उत्तर के विकल्पों के क्रम के आधार पर ही अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां दर्ज करें।

दो दिवसीय इनोवेशन, डिजाइन बूटकैम्प

# उद्यमी बनने के लिए पांच गुणों की आवश्यकता

■ विशेषज्ञों ने अलग-अलग टेक्निकल सेशन में दिए सुझाव

**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के इनोवेशन सेल और अपेक्स युनिर्वसिटी, जयपुर की ओर से केंद्रीय विद्यालयों के स्टूडेंट् इनोवेटर्स, टीचर्स और प्रिसिंपलों के लिए आयोजित दो दिवसीय इनोवेशन, डिजाइन एंड एंटरप्रेनरशिप बूटकैम्प का शुक्रवार को समापन हुआ। सीतापुरा स्थित अपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलोजी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द एम्प्लायर एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष एन के जैन, विशिष्ट अतिथि महावीर शर्मा और अपेक्स युनिर्वसिटी के चेयरपर्सन डॉ. रवि जूनीवाल शामिल हुए।

मुख्य अतिथि एनके जैन ने अपने भाषण में कहा कि सफल उद्यमी बनने के लिए पांच गुणों का होना आवश्यक है, जो हैं नवाचार, डिजाइन, श्रम, कानून और विपणन। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी नवाचार को सफल बनाने के लिए हमें लीक से हटकर विचार करने की आवश्यकता होती है। शिक्षकों को छात्रों की रचनात्मकता और नवीन विचारों को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वे अधिक रोजगार योग्य बन सकें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महावीर शर्मा ने कहा कि किसी भी इनोवेशन, प्रोजेक्ट और सर्विस की सफलता उसके डिजाइन पर निर्भर करती है साथ ही साथ उन्होंने यह बताया कि स्टाइडेंट्स के अंदर एंटरप्रेनरशिप स्किल्स डालने के लिए उन्हें ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिकल नॉलेज प्रदान किया जाए और फील्ड एक्सपर्ट्स के अनुभव साझा किए जाने चाहिए। अपेक्स यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ.. रवि जूनीवाल ने कहा कि इससे सहयोग और इंटरेक्टिव शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा जो कि आज के गतिशील व्यवसायिक परिदृष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रशिक्षित करेगा। बूटकैम्प के दौरान अलग-अलग टेक्निकल सेशन भी हुए जिसमें देशभर से आये इनोर्वटर्स, उद्योगपति व शिक्षाविदो ने सम्बोधित किया। डॉ.. शीनू जैन ने बताया कि कैसे इनोवेशन को सफल बनाने के लिए उस पर गहन रिसर्च का काम होना चाहिए और किसी भी व्यवसाय की सफलता इस बात पर निर्भर करती है के उसके ग्राहक कितने संतुष्ट है।



### 14 राज्यों में बूटकैंप होंगे आयोजित

अपेक्स युनिर्वसिटी के डायरेक्टर वेदांशु जूनीवाल ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में उच्च शिक्षा संस्थानों और स्कूलों में छात्र इनोवेटर्स और इनोवेशन एम्बेसडरो की इनोवेशन, डिजायन और एंटरप्रेनरशिप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, सीबीएसई व एन.सी.ई.आर.टी. के साथ संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय आईडीई बूटकैम्प में देशभर से 200 से अधिक पीएम श्री विद्यालयों के टीचर्स प्रिसिंपल और स्टूडेन्ट इनोवेटर्स ने भाग लिया। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा पूरे देश के 14 राज्यों में 18 नोडल सेन्टर यह बूटकैंप आयोजित करने के लिए बनाए गए जिसमें राजस्थान में अपेक्स युनिर्वसिटी, जयपुर को इस आईडीई बूटकैम्प के लिए चुना गया है।

नियमों में बदलाव ने बढ़ाई चिंता

# RTE: 4 से 6 वर्ष के बच्चे आवेदन से वंचित

**जयपुर**। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया 3 अप्रैल से शुरू हो गई है।

शिक्षा निदेशालय की ओर से इस साल निशुल्क प्रवेश में किए गए बदलाव ने अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। दरअसल, शिक्षा सत्र 2024-25 के तहत निशुल्क प्रवेश केवल नर्सरी और पहली कक्षा में ही होगा। नर्सरी के लिए आयु सीमा 3 साल से अधिक और 4 साल से कम और पहली कक्षा में प्रवेश के लिए 6 वर्ष या उससे अधिक और 7 वर्ष से कम आयु वर्ग के अभ्यर्थी आवेदन के पात्र हैं।

ऐसे में 4 वर्ष से अधिक और 6 वर्ष से कम आयु वर्ग के अभ्यर्थी निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। दरअसल, पिछले साल निजी स्कूलों में एलकेजी और एचकेजी में भी निशुल्क प्रवेश दिया था। लेकिन इस बार केवल दो ही कक्षा में निशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन हो रहे हैं।



पोस्टल आर्डर से भुगतान बंद

# RPSC में बदल गई भुगतान की प्रक्रिया




**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग संशोधन शुल्क, विस्तृत आवेदन-पत्र के साथ लिया जाने वाला शुल्क इत्यादि केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जा रहे हैं। एक जनवरी 2024 से पोस्टल आर्डर के माध्यम से शुल्क भुगतान की प्रक्रिया को बंद कर दिया गया है। आयोग की ओर से कहा गया कि आयोग को किया जाने वाला शुल्क भुगतान ऑनलाइन माध्यम से ही किया जाए। किसी भी परिस्थिति में पोस्टल आर्डर इत्यादि से किया जाने वाला ऑफलाइन शुल्क आयोग स्वीकार नहीं करेगा।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि आयोग को भेजे जाने वाले ऑनलाइन शुल्क हेतु अभ्यर्थी एसएसओ आईडी पर लॉगिन करने के बाद रिक्रूटमेंट पोर्टल पर उपलब्ध 'पेमेंट फॉर ऑफलाइन सर्विस' पर क्लिक कर शुल्क के प्रयोजन का चयन कर ऑनलाइन माध्यम से ही शुल्क जमा कराएं। ऑनलाइन शुल्क जमा करने के बाद रसीद का प्रिंट अवश्य लें। इस रसीद को आयोग में प्रस्तुत किए जाने वाले विस्तृत आवेदन-पत्र अथवा संशोधन के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले ऑफलाइन पत्र के साथ संलग्न किया जाए। इसी प्रकार आयोग द्वारा 1 जनवरी 2024 से आरटीआई के तहत आवेदन को भी केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किया जा रहा है।

इसके तहत की जाने वाली प्रथम अपील को भी एक जुलाई 2024 से ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। उल्लेखनीय है आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधार्थ सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से विभिन्न प्रक्रियाओं को निरंतर ऑनलाइन किया जा रहा है। इनसे अभ्यर्थियों को विभिन्न आवेदन, शुल्क भुगतान तथा परिवेदना दर्ज कराने जैसी सुविधाएं ऑनलाइन ही प्राप्त हो रहीं है। इससे आयोग की प्रक्रियाओं में गति के साथ ही अभ्यर्थियों के समय, श्रम एवं धन की बचत भी हो रही है।

### विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**जयपुर**। सुमेरगंजमंडी के करीब नवलपुरा सीनियर सैकंडरी स्कूल छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली को प्रिंसिपल राजकुमारी मीणा ने रवाना किया। रैली में शामिल विद्यार्थी हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। रैली मुख्य मार्गो से होती हुई वापस स्कूल परिसर पहुंची। इस दौरान शिक्षक मुकेश कुमार, असीम शर्मा, महेंद्र अग्रवाल, सुरेश शर्मा, अनुज मीणा, घनश्याम शर्मा, अभिषेक जैन और छात्र-छात्राएं शामिल रही।

**फर्जीवाड़ा** | छात्रों की शिकायत पर रजिस्ट्रार ने बैठाई जांच

# सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में फीस के नाम पर धोखाधड़ी

**बेधड़क** | जयपुर

उदयपुर की मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा स्टूडेंट्स की ऑनलाइन फीस जमा कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। कॉमर्स कॉलेज के छात्र हर्ष लोहार ने बीकॉम प्रथम वर्ष के लिए कुछ तथाकथित छात्र नेताओं से ऑनलाइन फीस जमा करवाने के लिए संपर्क किया।

इन छात्र नेताओं ने 4150 रुपए फीस की जगह 5550 रुपए वसूल लिए। कथित छात्र नेताओं ने 1400 रुपए ऐंठने के लिए 5550 रुपए जमा कराने की फर्जी रसीद तक पकड़ा दी। अब इस मामले की शिकायत सुखाड़िया यूनिवर्सिटी प्रशासन के पास पहुंची है। जिसके बाद यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार श्वेता फगेडिया के निर्देशन में इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

यूनिवर्सिटी प्रशासन ने स्टूडेंट्स से अपील भी की है कि वे अपनी निर्धारित फीस अधिकृत ई-मित्र या अपनी अधिकृत एसएसओ आईडी से ही ऑनलाइन जमा करा सकते हैं। उन्होंने किसी भी झांसे में नहीं आने की के लिए आगाह किया है।



### 327 कर्मचारियों की सेवाएं बढ़ाने के आदेश

मोहनलाल सुखाडिया यूनिवर्सिटी के 327 कर्मचारियों का वेतन और सेवाएं बढ़ाने के आदेश जारी हो गए हैं। यूनिवर्सिटी के सेल्फ फाईनेंस बोर्ड के तहत 327 कर्मचारी विभिन्न विभागों में कार्यरत है। इन सभी को जनवरी से वेतनमान नहीं मिला। हाल में ही राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर सेल्फ फाईनेंस बोर्ड के सभी 327 कर्मचारियों को हटा दिया था। इस आदेश के बाद से सभी 327 कर्मचारियों ने काम का बहिष्कार कर दिया। वे अपनी मांगों मांगो को लेकर विरोध कर रहे थे। ऐसे में उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन इन कर्मचारियों से वार्ता और और इनकी समस्याओं को जाना। विधायक ने उनकी मांग पूरी करने का आश्वासन दिया। इसके बाद विधायक ने राज्यपाल कलराज मिश्र और उपमुख्यमंत्री डॉ.. प्रेमचंद बैरवा से सम्पर्क करे पूरी समस्या के बारे में बताया। विधायक ताराचंद जैन ने इस बारे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भी फोन पर बात कर इस बारे में बताया था। इसके बाद शुक्रवार को उच्च शिक्षा के संयुक्त सचिव ने सुखाडिया यूनिवर्सिटी के कुलसचिव को एक आदेश जारी कर सेल्फ फाईनेंस बोर्ड के तहत 327 कर्मचारियों का वेतन जारी करने और आश्यकतानुसार इनकी सेवाओं को बढ़ाने के आदेश जारी किए।

# अरुणाचल प्रदेश: अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

चीन ने हाल ही में एक बचकानी हरकत करते हुए अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों को नए नाम देने की हरकत की है। इन नामों की सूची चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स में प्रकाशित भी कर दी। चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने यह सूची अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भी डाली हुई है। चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान कहता है और इसे दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में इस राज्य पर अपना अनैतिक दावा जताता है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस हरकत पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि 'अरुणाचल भारतीय राज्य था, है और भविश्य में भी रहेगा। नाम बदलने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। यदि मैं आपके घर का नाम बदल दूं तो क्या वह मेरा हो जाएगा?' चीन ऐसी हरकत करते हुए 2017, 2021 और 2023 में भी जारी कर चुका है। चीन ने अरुणाचल क्षेत्र में अवैधानिक रूप से गांव बसाने के भी प्रयास किए हैं। चीन अपने मानचित्रों में भी अरुणाचल को अपना बताने की कोशिश करता रहा है। चीन की इन हरकतों की शुरुआत तब हुई, जब 9 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग का उद्घाटन किया था। चीन की ये सब हरकतें उसकी विस्तारवादी नीति की कुटिल मंशाएं दर्शाती हैं। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के शिखर क्षेत्र त्सारी चू में गांव बसाने की कोशिश भी हुई थी।

तिब्बत के दक्षिणी क्षेत्र जंगनान से जुड़ी नीति में भी कोई परिवर्तन नहीं किया है। चीन ने दृढ़तापूर्वक कहा है कि जंगनान क्षेत्र (भारत का अरुणाचल प्रदेश) है, उसके साथ अरुणाचल प्रदेश के अस्तित्व को भी कोई मान्यता नहीं देता है। मसलन संपूर्ण अरुणाचल को चीन विवादित क्षेत्र मानकर चल रहा है। करीब तीन साल पहले चीन ने अरुणाचल की वास्तविक सीमा के करीब 4.5 किलोमीटर अंदर घुसकर 101 नए घर बनाकर पूरा एक गांव बसा लिया है। यह गांव अरुणाचल के सुबनसिरी जिले में बताया जा रहा है। इस गांव के बसाए जाने के रहस्य का खुलासा उपग्रह से ली गईं तस्वीरों से हुआ था। ये तस्वीरें 1 नवंबर 2020 की बताई जा रही हैं। इनमें यह गांव स्पष्ट दिखाई दे रहा है, जबकि इस समय से एक साल पहले लिए गए उपग्रह चित्रों में यह गांव नहीं है। मसलन गांव इसी समय-सीमा के भीतर बसाया गया है। साफ है, चीन पड़ोसी देशों की संपत्ति हड़पने की हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भारत की चीन और पाकिस्तान से लगी सीमा में सुरक्षा के लिहाज से हमेशा शंका व संकट बने रहते हैं। हमारी गुप्तचर संस्थाएं भी सबसे ज्यादा इसी सीमा पर सक्रिय रहती हैं। बावजूद इतना बड़ा गांव बसा लेने की जानकारी एजेंसियों को नहीं मिली तो इस कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है? जबकि पिछले दस सालों में हम उपग्रह से लेकर अन्य तकनीकी क्षेत्र में सक्षम हुए हैं। हालांकि बाद में उपग्रह विशेषज्ञों ने ही गांव बसा लेने की तस्वीरों की विश्वसनीय जानकारी दी थी। वस्तुतः अरुणाचल पर भारत का रुख शुरू से ही दो टूक रहा है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा है।

> सनद रहे कि 1962 में सड़कें नहीं होने के कारण ही भारतीय सेना को बहुत नुकसान उठाना पड़ा था। चीन की घुसपैठ रोकने के लिए तवांग समेत अरुणाचल के अन्य सीमा क्षेत्र में भारत ने अपने सैनिकों की संख्या और हथियारों के जखीरे बढ़ा दिए हैं। इसलिए चीन जिस रास्ते से भी घुसने की कोशिश करता है, उसे सेना तत्काल माकूल जबाव दे देती है। हालांकि चीन की तरफ से भी अपने इलाके में लगातार सड़कें, पुल और सैनिक अड्डे बनाए जा रहे हैं।

चीन ने ऐसी ही फिजूल की हरकत करते हुए 28 अगस्त 2023 को 'मानक मानचित्र' का नया संस्करण जारी किया था। इसमें उसने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन सहित भारत के कई भूखंडों को अपने नक्षे में चित्रित किया है। चीन लद्दाख से लेकर अरुणाचल, सिक्किम और भूटान क्षेत्रों में विभिन्न तरीकों से घुसपैठ करके भारत को परेशानी में डालने का काम पैदा करता ही है, साथ ही वह बीच-बीच में अपने नक्षे में भारतीय जमीन को दिखाकर दस्तावेजी बदलाव की हरकतें भी करता रहता है। यह कितनी हस्यास्पद बात है कि कोई देश पड़ोसी देश को उसकी सीमाएं बताने की हिमाकत कर रहा है? चीन की ये हरकतें सीमाई विवादों को सुलझाने की बजाय और उलझाने का काम कर रही हैं। यह पूरी दुनिया जानती है कि अरुणाचल और अक्साई चीन भारत के अविभाज्य हिस्से हैं। लिहाजा अपनी मंशानुसार बनाया गया कोई भी मानचित्र जमीनी सच्चाई को बदल नहीं सकता। चीन ऐसी हरकतें लगातार दोहराता रहा है। उसने गूगल अर्थ से होड़ बररते हुए एक ऑनलाइन मानचित्र सेवा कुछ साल पहले शुरू की थी। जिसमें भारतीय भू-भाग अरुणाचल और अक्साई चिन को चीन ने अपने हिस्से में दर्शाया था। यही नहीं चीन की एक साम्यवादी रुझान की पत्रिका में वहां की एक कम्युनिस्ट पार्टी के नेता का लेख छपा था कि भारत को पांच टुकड़ों में बांट देना चाहिए। अब सवाल उठता है कि भारत इस कुटिल मंशा का जबाव किस लहजे और भाशा में दे? यहां यह भी गौरतलब है कि साम्यवादी देशों की हड़प नीति के चलते ही छोटा सा देश चेकोस्लोवाकिया बर्बाद हुआ। चीनी दखल के चलते बरबादी की इसी राह पर नेपाल, श्रीलंका और पाकिस्तान हैं। इसी कारण चीन, चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीइसी) बना रहा है, उसका लगातार विरोध स्थानीय नागरिक कर रहे हैं। इसी विरोध के चलते चीन के पांच इंजीनियरों को हाल ही में एक आत्मघाती हमले में मार गिराया है।

चीन ने पाकिस्तान में संरचात्मक विकास के बहाने कर्ज के जाल में फंसाकर बर्बादी के रास्ते खोले दिए हैं। चीन ने भूटान सीमा पर डोकलाम क्षेत्र में भी जबरन सामरिक महत्व की सड़क बनाने एवं भूटान की सीमा में दो किलोमीटर भीतर घुसकर गांव बसा लिया था। चीन ने नेपाल में भी 150 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा कर लिया है। सुबनसिरी जिले की सीमा लंबे समय से विवाद का हिस्सा रही है। इसे लेकर सशस्त्र संघर्ष भी हो चुका है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नमक सत्याग्रह

# राजस्थान से ही उठी थी चिंगारी



गुलाब बत्रा
वरिष्ठ पत्रकार

> आयोग के समक्ष सालेचा ने यह तथ्य रखा कि यदि पचपदरा में नमक उत्पादन बंद किया गया तो नमक संधि की एक धारा के तहत सरकार को लगभग एक करोड़ रुपए का हर्जाना भरना पड़ेगा। इस रिपोर्ट में सरकार को हिदायत दी गई कि वह नमक उत्पादन चालू रखे। यदि सरकार इस नमक स्रोत को बंद करना चाहती है तो वह ऐसी नीति अपनाए, जिससे नमक स्रोत अपनी स्वाभाविक मौत मर जाए तथा ब्रिटिश सरकार भारी हर्जाने से बच सके। इस रिपोर्ट ने अंग्रेज नीति का भंडाफोड़ करते हुए सालेचा के चार साल लम्बे संघर्ष को विजय में परिवर्तित करने के साथ पचपदरा के नमक उद्योग का संकट टल गया। इस प्रकार नमक उद्योग के लिए सरकार की बदनीयती के खिलाफ गांधीजी के नमक सत्याग्रह के रूप में पृष्ठभूमि तैयार हो गई, जिस पर अगले वर्ष दांडी मार्च का मार्ग प्रशस्त हुआ।

बापू की हथेली में मुट्ठी भर नमक ने तत्कालीन ब्रिटिश हुकूमत को हिला दिया। गुजरात में अरब सागर के तटीय गांव दांडी में आज से 94 बरस पहले 6 अप्रैल 1930 का यह परिदृश्य भारतीय इतिहास में दर्ज हो गया। अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से 12 मार्च को नमक सत्याग्रह से जुड़ी प्रसिद्ध दांडी यात्रा महात्मा गांधी के नेतृत्व में आरम्भ हुई। लेकिन नमक सत्याग्रह की यह चिंगारी 1926 में पश्चिमी राजस्थान के पचपदरा से फूटी थी। इसकी दिलचस्प कहानी है। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान औपनिवेशिक भारत में अहिंसक सविनय अवज्ञा के रूप में दांडी यात्रा अहम पड़ाव था। यह मार्च 1882 के नमक अधिनियम के प्रतिरोध में समुद्र के जल से नमक बनाकर ब्रिटिश नीति के उल्लंघन का प्रतीक बना। अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से 78 स्वयंसेवक रोजाना औसतन 16 से 19 किमी पदयात्रा करते हुए करीब 386 किमी की दूरी 24 दिन में तय करके नवसारी के दांडी पहुंचे।

अगले दिन 6 अप्रैल को प्रातःकाल दांडी के समुद्र तट पर बापू ने नमक हाथ में लेकर नमक कानून तोड़ा। ब्रिटिश कानून के तहत उन्हें हिरासत में ले लिया। एक शीशी में बंद नमक की यह ढेली बाद में संग्रहालय में रखी गई। सत्याग्रह एवं नमक और इसके अंर्तसंबंधों का महात्मा गांधी की आत्मकथा में रोचक ढंग से उल्लेख किया गया है। बापू के लिए सत्याग्रह आत्मशुद्धि के रूप में था। सत्याग्रह शब्द को गुजराती में लोग 'पेसिव रेजिस्टेन्स' के अंग्रेजी नाम से पहचानने लगे, लेकिन गोरों की सभा में इसे संकुचित अर्थ में कमजोरों का हथियार मानने पर बापू ने विरोध किया। तब बापू ने समाचार पत्र इंडियन ओपिनियन के पाठकों से सत्याग्रह शब्द के लिए प्रतियोगिता करवाई। एक पाठक मगनलाल ने सत्याग्रह की संधि करके सदाग्रह शब्द बनाकर भेजा। इस शब्द को अधिक स्पष्ट करने के लिए बापू ने 'य' अक्षर बढ़ाकर सत्याग्रह शब्द बनाया। गुजराती में यह लड़ाई इस नाम से पहचानी जाने लगी। सत्याग्रह के साथ नमक के घालमेल की कहानी 1908 में बापू की पहली जेल यात्रा से जुड़ गई। जेल के डॉक्टर से हिन्दुस्तानी बंदियों के लिए करी पाउडर गांगा और नमक बनती हुई रसोई में डालने की बात को अनसुना कर दिया। बापू ने पुस्तकों में पढ़ा था कि मनुष्य के लिए



नमक खाना आवश्यक नहीं है। घर पर कस्तूरबा से दाल नमक के परहेज के प्रसंग पर बापू ने एक साल तक नमक नहीं खाने के संकल्प को सत्याग्रह का नाम दिया। राजस्थान से नमक सत्याग्रह के सूत्रपात का प्रसंग सैकड़ों वर्ष पुराना है। घोड़े पर सवार मेवाड़ रियासत के झांझा नमक अधिकारी को पचपदरा के पास बरसाती पानी से भरे गड् ढों में चमकते हुए रवेदार कण दिखाई दिए। जिज्ञासावश उसने पानी में हाथ डाला और चखा तो वह खारा लगा। सूखने पर हाथ में रवेदार कण चिपक गए। पांचा जाट की ढाणी में रात्रि विश्राम में झांझा को सपने में पेड़ के पास जमीन में दबी देवियों की दो प्राचीन मूर्तियों को मन्दिर में प्रतिष्ठित करने की बात कही। खुदाई में सांभरा एवं आसापुरा नामक देवियों की प्रतिमा मिली। बाद में पचपदरा साल्ट में देवल बनाया गया। फिर तो झांझा और पांचा के कुटुम्बजन नामक उत्पादन की सफेद चांदी के काम धंधे में जुट गए।

वहीं रियासतों ने राजस्व के लिए नमक उत्पादन के पट्टे देने की शुरूआत की। यूरोप में औद्योगिक क्रांति के दौर में भारत से कच्चे माल के रूप में रूई, जूट तिलहन, लाख, रबड़., ऊन, कच्चा खनिज इत्यादि समुद्री मार्ग से इंग्लैंड भेजा जाता था। वापसी में तैयार माल कम जगह घेरता और भार संतुलन के लिए जहाज में भारी पत्थर रखे जाते। इस परेशानी से बचने के लिए समुद्री नमक भारत में खपाने के विचार से नमक उत्पादन वितरण पर एकाधिकार कायम करने की रणनीति बनी। प्रथम चरण में राजस्थान के विभिन्न इलाकों में नमक उत्पादन के लिए ब्रिटिश हुकूमत ने देशी रियासतों के साथ नमक संधियों का जाल बिछाते हुए 1857 की क्रांति के 25 वर्ष पश्चात 1882 में नमक कानून बनाया। नमक को सेन्ट्रल एक्साईज के अन्तर्गत लेने से नमक उत्पादन एवं वितरण सरकार के अधिकार में आ गया। इससे हुकूमत को मनमानी की छूट मिल गई। मारवाड़ में नमक से जुड़ी तीन संधियों में कुचामन, नावां, गुढ़ा फिर 1869-70 में जयपुर-जोधपुर के शामिलाती हिस्से में सांभर झील तथा सबसे अंत में 1879 में तीसरी संधि पचपदरा डीडवाना, फलोदी, लूणी नमक क्षेत्र के लिए की गई। इन संधियों की आड़ में मारवाड़ में करीब 89 स्थानों पर नमक उत्पादन बंद किया गया। बाड़मेर जिले के पचपदरा में नमक उत्पादन का विशिष्ट तरीका है। अन्य स्थानों पर भूमिगत नमक स्रोतों पर अधिकांशतः झील हैं, जिसके लवणीय पानी को क्यारियों में सुखाकर नमक बनाया जाता था। सांभर झील डीडवाना, फलौदी तथा गुजरात के खारागोडा में ऐसी झीले थी, लेकिन पचपदरा में पूर्व से पश्चिम दिशा में 100 से 500 फिट लम्बाई तथा 40 से 100 फिट तक चैड़ाई में खाने खोदकर नमक निकाला जाता था। इन खानों में पानी का बहाव उत्तर से दक्षिण दिशा में था और पाच से छः फीट गहराई पर पानी भर जाता था। इस पानी का घनत्व 13 से 14 डिग्री था जो समुद्री पानी के शुरूआत में तीन डिग्री होता है। पचपदरा के गाढ़े पानी से बड़ी डली का नमक मोराली नामक कटीली झाड़ी की मदद से बनता है जो अपेक्षाकृत महंगा होता था।

बंजारे इस नमक को बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश आदि राज्यो में बेचने जाते थे। ज्ञात स्रोतों से पचपदरा में 1879 से नमक उत्पादन की जानकारी मिलती है। ब्रिटिश हुकूमत ने प्रथम युद्ध के पश्चात मंदी के दौर में 1926 में पचपदरा के नमक उद्योग से नुकसान का बहाना बनाकर नमक उत्पादन बन्द करने के आदेश दिए। इससे नमक उत्पादक खारवाल मजदूर तथा अन्य वर्गों के करीब बीस हजार लोगों की रोजी प्रभावित हुई। इसके खिलाफ पचपदरा के नमक व्यवसायी गुलाबचंद सालेचा ने आवाज बुलंद की। उन्होंने जोधपुर रियासत के दीवान से मिलकर महकमा खास की लाईब्रेरी में उपलब्ध पुरानी नमक संधियों की धाराओं तथा नमक विभाग की वार्षिक रिपोर्ट के आधार पर वकील जालमंचद की मदद से प्रतिवेदन तैयार कराया। पचपदरा नमक के उपभोक्ताओं से हस्ताक्षर अभियान चलवाया। वहीं जोधपुर रेलवे के अधिकारियों से मिलकर नमक लदान की रियायती दर की मंजूरी ली। सरकारी पक्ष द्वारा पचपदरा नमक की मांग नहीं होने के दावे को झुठलाने के लिए गुलाबचन्द सालेचा ने कराची बंदरगाह से नमक का लदान कलकत्ता के लिए कराया। वहां उन्होंने कैपिटल पायोनियर, अमृत बाजार पत्रिका इस्टर्न इकोनोमिस्ट इत्यादि समाचार पत्रों में लेख एवं सम्पादकीय लिखवाए। इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री से इस मामले को उठवाया। वर्ष 1926 में दिल्ली की लेजिस्लेटिव एसेम्बली की कार्यवाही इस बात का प्रमाण है कि थार मरुस्थल के एक कोने से अन्याय के विरुद्ध उठी आवाज दिल्ली के दरबार में गूंज चुकी थी। उधर सरकारी नमक कम्पनियों ने गुलाब चन्द सालेचा का मनोबल तोड़ने के लिए कलकत्ता के बाजार में नमक के दाम घटाए जिसके कारण वह आर्थिक नुकसान उठाकर पचपरदा का का गुणवत्तापूर्ण नमक बेचने को मजबूर हुए, लेकिन हिम्मत नहीं हारी और सरकारी नमक नीति का विरोध तेज किया। देशव्यापी विरोध को देखते हुए सरकार ने टैक्सेशन इंक्वायरी कमेटी बिठाई। इसके सम्मुख सालेचा ने नमक पर एक्साईज ड्यूटी के दुश्प्रभावों की जानकारी दी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में टेरिफ बोर्ड ऑन साल्ट इंडस्ट्री गठन का सुझाव दिया। वहीं नमक उत्पादक खारवालों ने अपनी मांगों के समर्थन में 1926 में हड़ताल की। टेरिफ बोर्ड के पश्चात गठित साल्ट सर्वे कमेटी में हड़ताल का आरोप गुलाबचन्द सालेचा पर लगाया गया। साल्ट सर्वे कमेटी की रिपोर्ट के पश्चात भी जब सरकारी नीति के खिलाफ आवाज नहीं दबी तो अंग्रेज अधिकारी स्टेथी का एक सदस्यीय आयोग बनाया गया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# गजब है तेरी मोबाइल महिमा



प्रकाश हेमावत
व्यंग्यकार

बाबू मोशाय के हाथ में मोबाइल आते ही बावला, उतावला और न जाने क्या-क्या बन जाता है। वर्तमान के भागम भाग भरें जीवन में, आधुनिक युग के इस मोबाईली दौर में हम अपनों के बीच संवाद स्थापित करना लगभग भूल गए हैं पता नहीं हमारी यह गलती कब , कहां, किस वक्त किस करवट बैठेगी या क्या परिणाम लाएगा इसका कोई विकल्प दिखाई नहीं देता।

एक सर्वे के मुताबिक 90% लोगों को हिरण्यकश्यप को मिलें कभी नहीं मरने वाला वरदान की तरह वर्तमान में कभी भी किसी भी समय कहीं पर भी मोबाइल समाधि में लीन दिखाई दे रहा है वह अपने चाहने वालों को अपने ग्रुप में या किसी अन्य ग्रुप से जुड़े हुए हैं उन सभी ग्रुप में वह गुड मॉर्निंग से लेकर गुड नाइट के बीच होने वाली तमाम प्रकार की बातों को लेकर उसको विस्तृत रूप दे कर विभिन्न स्वरूपों में चटकारे ले लेकर उस में मन की बात का झोंका दे कर सामने वाले को बारीक से बारीक तथा सूक्ष्म से सूक्ष्म बातों को बताना ऐसा लगता है कि वह नारद मुनि की भूमिका में आकर कहीं बात अच्छी तरह से बताईं , दिखाई या कहीं बात को किसी राज की तरह छुपाई जाती है।

व्हाट्सएप, यूनिवर्सिटी, इंस्टाग्राम एवं फेसबुक से विभिन्न प्रकार की आईडियोलॉजी डिग्रियां एवं प्रमाण पत्र लेकर वर्तमान समय में ज्ञान चंद गुगल वाला ज्ञानी बनकर जो ज्ञान बांट रहे हैं उसे देखकर ऐसा लगता है कि पिछले समय में जितने भी ध्यानी, ज्ञानी, मुनि, साधु, संत, पीर, फ़क़ीरों ने तपस्या के बल पर जितना अध्ययन करके, साधना लगा कर विभिन्न प्रकार से ज्ञान का जो मार्ग बताया है वह ज्ञानी भी पानी भरते हुए नजर आते हैं। कई प्रकार के वर्तमानी चक्रवर्ती सम्राट मोबाइल धारकों ने कई प्रकार की सेल्फी पोज से फोटो खिंचना, रील बनाना, आवाज बदल कर बातचीत करना आदि आदि तकनीक का निर्माण करके सेल्फी प्रेमियों ने कई फोटोग्राफरों की दुकानों पर ताला जड़ दिया है सेल्फी प्रेमियों ने मोबाइल से ऐसी ऐसी सेल्फी खिंची कि, हम उसकी कल्पना भी नहीं कर सकते हमारी कल्पनाओं की तमाम कल्पना से बाहर वाली कल्पना होगी। रील बनाते समय कुछ ने तो ऐसे ऐसे डांस किया जिसको देख कर अच्छे-अच्छे नचईया शर्मा गए और तो और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करके अर्धनग्न अवस्था में अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कुछ तो लड़के लड़कियों की तरह बनकर वीडियो बना बनाकर भेज रहे हैं जिसको देखने पर स्वतः आंखें बंद हो जाती है क्योंकि, वह सभी प्रकार के संस्कार रीति रिवाज आचार विचार व्यवहार से परे होकर सत्यानाशी संस्कार का उपयोग करके अपने संस्कारवान होने का परिचय दे रहे हैं। सोशल मीडिया से हमारा जीवन नहीं बदल सकता है बल्कि वह और अधिक बिगड़ सकता है इसे बताने की आवश्यकता नहीं। ऐसे हालात को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि, गजब है तेरी मोबाइल महिमा तेरे हाथों में आते ही या फिर तेरी शरण में आते ही आदमी बावला, उतावला और न जाने क्या-क्या बन जाता है। अरे मेरे बाबू मोशाय मोबाइल चालान अच्छी बात है लेकिन इतना भी ज्यादा चलाना अच्छी बात नहीं।

## नॉलेज कॉर्नर: ऐसे हुआ थ्री प्लग का आविष्कार

# बिजली के प्लग में क्यों होता है तीसरा पिन!

सभी लोगों के घरों में जितने भी बिजली के अप्लाएंसेस होते हैं, वो सभी ज्यादातर थ्री पिन प्लग वाले होते हैं, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि बिजली का प्रवाह जब प्लस और माइनस आवेश से होता है, तो तीसरी पिन की आखिर क्या जरूरत होती है। आपने तीन प्लग में देखा होगा कि तीन पिनों का आकार तो बराबर और एक जैसा होता है, लेकिन तीसरी पिन इन दो पिनों की तुलना में कुछ मोटी होती है। इस पिन को सामान्य तौर पर एक हरे रंग के तार से जोड़ दिया जाता है। इस तार को अर्थ का तार कहते हैं। क्या आप जानते हैं कि प्लग में इस तीसरी पिन का काम क्या होता है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं बिजली के प्लग के बारे में...

### बिजली का झटका

कभी-कभी ऐसा होता है कि विद्युत उपकरण में कोई दोष हो जाता है, तब इस उपकरण में बिजली की धारा प्रवाहित होने लगती है। ऐसी स्थिति में अगर कोई उस उपकरण को छूता है तो उसे बिजली का झटका लगेगा। बिजली के झटके की गंभीरता इस बात पर निर्भर करती है कि मनुष्य के शरीर में से कितनी बिजली की धारा किस मात्रा में प्रवाहित हो रही है। अगर उसके हाथ गीले होते हैं, तो शरीर से अधिक बिजली की धारा प्रवाहित होगी। इसका कारण है कि गीली त्वचा सूखी त्वचा की तुलना में



बिजली की सुचालक होती है और ऐसी स्थिति में व्यक्ति को भयानक झटका लगेगा। इससे उसकी मृत्यु भी हो सकती है।

### तीसरे पिन का काम

वहीं तीसरे पिन का प्रयोग या अर्थिंग, एक ऐसा तरीका है जो दोषी उपकरणों से लगने वाले बिजली के झटकों के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करता है। इसके अलावा मेंस से चलने वाली सभी उपकरणों के लिए ये बहुत जरूरी है कि उनका धरती के साथ उचित तौर पर संबंध स्थापित किया जाए, बता दें कि प्लग की तीसरी पिन यही काम करती है। अगर घर में तीसरी पिन के जरिए अर्थिंग सही से होती है तो बिजली उपकरण के खराब होने पर उसकी बॉडी में करंट प्रवाहित भी होने लगता है। इस दौरान बिजली का झटका लगेगा भी तो ज्यादा खतरनाक नहीं होगा या झटका लगेगा ही नहीं। इस तरह बिजली प्लग की तीसरी पिन आपको सबसे ज्यादा सुरक्षा देने वाली होती है।

**1904 में हुआ था आविष्कार**

*हार्वे हबबेल ने 1904 में थ्री पिन प्लग और सॉकेट का आविष्कार किया था। जिसके बाद फिर उन्होंने इसका पैटेंट करा लिया था। 1915 तक इसे सभी प्लग और सॉकेट निर्माताओं ने अपना लिया था। वहीं इससे पहले चल रहे बिजली प्लग्स के मुकाबले ये प्लग ज्यादा सुरक्षित पाए गए।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन


## X



**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री
@narendramodi
चूरू से देवेंद्र झाझरिया का भाजपा उम्मीदवार बनना इस बात का प्रतीक है कि खेल जगत में भारत का मान-सम्मान बढ़ाने वाले अपने बेटे-बेटियों को देश कभी भूलने वाला नहीं है।



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
आशीर्वाद की वर्षा... अतुलनीय है विश्वास, फिर कमल खिलायेगा, म्हारा राजस्थान।



**दिया कुमारी**, उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ. ललित किशोर चतुर्वेदी जी की पुण्यतिथि पर विनम्र अभिवादन।

**शराब घोटाला मामले में 'आप' नेता संजय सिंह का पलटवार, भारतीय जनता पार्टी को घेरा-कहा...**

## आरोपी ने भाजपा को दिए 55 करोड़, केजरीवाल की गिरफ्तारी साजिश

एजेंसी | नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दावा किया है कि दिल्ली शराब घोटाला भाजपा ने किया है।

इस घोटाले में भाजपा के कई बड़े नेता शामिल हैं। उन्होंने कहा शराब घोटाले के आरोपी ने भाजपा को 55 करोड़ रुपए की रिश्वत दी। वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गहरी साजिश रची गई है। उन्होंने ये भी दावा किया है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी साजिश के तहत हुई है। सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि ईडी ने शराब घोटाले के आरोपियों को प्रताड़ित करके केजरीवाल के खिलाफ बयान दर्ज कराए। ईडी ने उन बयानों को छुपा लिया, जिसमें आरोपियों ने अरविंद केजरीवाल का नाम नहीं लिया।

सिंह ने कहा कि ईडी ने सांसद मगुंटा रेड्डी को शराब घोटाले में आरोपी बनाया। ईडी ने उसे गिरफ्तार किया था। शुरुआती बयानों में उसने केजरीवाल का नाम नहीं लिया, जिसे ईडी ने छिपाया। जब मगुंटा ने केजरीवाल के खिलाफ बयान दे दिया तो उसे जमानत मिल गई। अब मगुंटा फिर से चुनाव लड़ रहा है और



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोटो लगाकर चुनाव प्रचार कर रहा है। उन्होंने कहा ईडी ने शराब घोटाले मामले में शरद रेड्डी को गिरफ्तार किया।

ईडी ने कहा था कि शराब घोटाले का किंगपिंग शरद रेड्डी है। लेकिन शरद रेड्डी ने अपने बयानों में कहीं केजरीवाल का नाम नहीं लिया।

ईडी ने उसे 6 महीने जेल में रखा और उसने टूटकर केजरीवाल का नाम ले लिया। इसके बाद उसे जमानत मिल गई।

### चुनाव आयोग ने आतिशी को भेजा नोटिस, मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** भाजपा की शिकायत पर चुनाव आयोग ने दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी को नोटिस भेजकर उन्हें सोमवार दोपहर 12 बजे तक जवाब देने को कहा। आतिशी ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न उठाते हुए इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की शिकायत पर चुनाव आयोग कोई कार्रवाई नहीं करता है, परंतु भाजपा की शिकायत पर अगले दिन ही नोटिस भेज दिया। आतिशी ने दो अप्रैल को प्रेसवार्ता में आरोप लगाया था कि भाजपा ने उनके एक नजदीकी के माध्यम से पार्टी में शामिल नहीं होने पर गिरफ्तार करने और राजनीतिक भविष्य बर्बाद करने की चेतावनी दी थी।

### आप को एकजुट रखने के लिए सुनीता सबसे बेहतर व्यक्ति : सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल वर्तमान परिस्थितियों में पार्टी को एकजुट रखने के लिए सबसे बेहतर व्यक्ति हैं और उनकी मौजूदगी का कार्यकर्ताओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री भारद्वाज ने कहा है कि सुनीता केजरीवाल ने हमेशा कहा है कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री की मैसेंजर (संदेशवाहक) हैं।

### खजुराहो से सपा प्रत्याशी का नामांकन निरस्त

**पन्ना/भोपाल।** मध्य प्रदेश की खजुराहो संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी मीरा दीपनारायण यादव का नामांकन निरस्त हो गया है। कलेक्टर ने इसकी दो वजह बताई है। नामांकन फॉर्म पर प्रत्याशी के दो जगह हस्ताक्षर होते हैं, जिसमें से एक जगह मीरा यादव ने हस्ताक्षर नहीं किए थे। मतदाता पहचान पत्र की सत्यापित प्रति की जगह पुरानी प्रति दे दी गई थी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस घटनाक्रम को लोकतंत्र की हत्या बताया है। मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा पार्टी के उम्मीदवार हैं। उनकी राह अब आसान हो गई है। इंडिया गठबंधन में हुए सीटों के बंटवारे के तहत कांग्रेस ने यह सीट सपा को दी थी।

### सांसद सुमलता अंबरीश भाजपा में शामिल



**बेंगलुर।** कर्नाटक में लोकसभा चुनाव से पहले बढ़ती सियासी हलचल के बीच राज्य की मांड्या संसदीय सीट से निर्दलीय सांसद सुमलता अंबरीश भाजपा में शामिल हो गई हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र, विपक्ष के नेता आर अशोक, राज्य के चुनाव प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव राधा मोहन दास अग्रवाल और पूर्व मुख्यमंत्री डी वी सदानंद गौड़ा की मौजूदगी में सुमलता का भाजपा में स्वागत किया गया। ज्ञात रहे कि भाजपा कर्नाटक में जनता दल एस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। सीटों के बंटवारे के तहत, भाजपा राज्य की 28 लोकसभा सीट में से 25 पर और जद(एस) मांड्या सहित शेष तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। मांड्या सीट से पूर्व सीएम कुमारस्वामी मैदान में हैं।

**कांग्रेस का घोषणा पत्र: पांच न्याय और 25 गारंटी का वादा, अनेक घोषणाएं की**

## जाति आधारित जनगणना, आरक्षण सीमा 50% से अधिक करने का वादा

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को अपना घोषणा-पत्र जारी कर दिया।

यह पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है। पार्टी ने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया है। पार्टी ने वादा किया कि देश में उसकी सरकार बनने पर वह जाति आधारित जनगणना कराएगी और आरक्षण की अधिकतम सीमा को बढ़ा कर 50 प्रतिशत से ज्यादा करेगी।

कांग्रेस ने यह भी कहा है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को वह सभी वर्गों के गरीबों के लिए बिना भेदभाव के लागू करेगी। घोषणा पत्र में कांग्रेस ने यह भी कहा है कि सरकार में आने के बाद वह नई शिक्षा नीति को लेकर राज्य सरकारों के साथ परामर्श करेगी और इसमें संशोधन करें करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदंबरम और कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इसमें तमाम वर्गों के लिए न्याय पर जोर दिया गया है जिसमें महिला, युवा, किसान, गरीब आदि शामिल हैं। पार्टी ने कहा कि देश में बेरोजगारी बड़ी समस्या है और यह सरकार अमीरों के लिए है।

**स्वास्थ्य के लिए 25 लाख रुपए तक के कैशलेस बीमा का राजस्थान मॉडल अपनाया जाएगा**




### राहुल की न्याय यात्रा से निकली गारंटी

48 पन्ने के न्याय पत्र में तमाम वर्गों और क्षेत्रों के लिए न्याय के 10 स्तंभों जोर दिया गया है। यह घोषणा पत्र पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की अध्यक्षता में तैयार किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने बताया कि 19 मार्च को कांग्रेस कार्यसमिति ने इसे मंजूरी दी थी। न्याय पत्र जारी करते हुए खरगे ने कहा कि हमारा ये न्याय पत्र देश की राजनीति के इतिहास में न्याय के दस्तावेज के रूप में याद किया जाएगा। राहुल गांधी ने नेतृत्व में चली भारत जोड़ो न्याय यात्रा दौरान न्याय के पांच स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। इनमें युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की घोषणा की गईं थीं। इनमें 25 गारंटियां निकलती हैं। इन सभी को भी घोषणा पत्र में शामिल किया गया है। कांग्रेस ने लोगों से अपील है कि वे धर्म, भाषा, जाति से परे देखें और लोकतांत्रिक सरकार स्थापित करें। इसके साथ ही पार्टी ने कहा है कि सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल के लिए 25 लाख रुपए तक के कैशलेस बीमा का राजस्थान मॉडल अपनाया जाएगा।

### गत 10 वर्षों में हुए भ्रष्टाचार के मामलों की होगी जांच

कांग्रेस ने कहा कि 'पिछले 10 वर्षों में हुए भ्रष्टाचार' के मामलों की जांच कराई जाएगी। कांग्रेस ने वादा किया कि वह ऊपरी अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए उच्चतम न्यायालय के साथ विचार विमर्श कर राष्ट्रीय न्यायिक आयोग का गठन करेगी।

### घोषणापत्र में शामिल पांच न्याय: हिस्सेदारी न्याय

जाति जनगणना कराने की 'गारंटी' के साथ ही संवैधानिक संशोधन द्वारा आरक्षण के लिए 50 प्रतिशत की सीमा हटाकर एससी/एसटी/ओबीसी को आरक्षण का पूरा हक देना। , SC/ST सब प्लान की कानूनी गारंटी। जितनी एससी/एसटी जनसंख्या, उतना बजट यानी ज्यादा हिस्सेदारी, जमीन का कानूनी हक- वन अधिकार कानून वाले पट्टों का 1 साल में फैसला, अपनी धरती, कांग्रेस उन बस्तियों को अनुसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित करेगी जहां आदिवासी सबसे बड़ा सामाजिक समूह हैं । अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सभी रिक्त पदों को 1 साल के भीतर भरा जाएगा। सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में संविदा भर्तियों की जगह नियमित भर्तियां और अभी जो संविदा कर्मी हैं उनका नियमतीकरण किया जाएगा। व्यापक परामर्श के बाद पार्टी LGBTQIA+ समुदाय से संबंधित जोड़ों के बीच सिविल यूनियनों को मान्यता देने के लिए एक कानून लाया जाएगा

### युवा न्याय

'युवा न्याय' में पांच गारंटी की बात कही गई है। इसके तहत 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपए देने का वादा शामिल। सरकारी नौकरी संबंधी परीक्षाओं के लिए पेपर लीक (प्रश्न पत्र लीक) होने के मामलों का निपटारा करने के लिए फास्ट-ट्रैक अदालतों का गठन और पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा।

### किसान न्याय

- न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा, कर्ज माफी आयोग के गठन तथा जीएसटी मुक्त खेती का वादा।
- फसल बीमा को खेत और किसान के अनुरूप बनाया जाएगा। किसान से बीमा राशि के अनुसार प्रीमियम लिया जाएगा और सभी वावीं का निपटान 30 दिनों के भीतर किया जाएगा।
- बड़े गांवी और छोटे शहरों में किसानों के लिए खुदरा बाजार स्थापित किया जाएगा, ताकि किसान अपनी उपज ला सकें और उपभोक्ताओं को बेच सकें।

### श्रमिक न्याय

मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजूदरी 400 रुपए प्रतिदिन सुनिश्चित करने, असंगठित मजदूरों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा, मुख्य सरकारी कार्यों में कांट्रैक्ट सिस्टम मजदूरी बंद और शहरी रोजगार गारंटी का वादा।

### नारी न्याय

'महालक्ष्मी' गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपए प्रति वर्ष देने, केंद्र सरकार की नई नौकरियों में 50% महिला आरक्षण, आशा, मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स को ज्यादा वेतन, दोगुने सरकारी योगदान, महिलाओं को कानूनी हक और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाली एक अधिकार-सहेली, हर पंचायत में, कामकाजी महिलाओं के लिए दोगुने होस्टल बनाने का वादा।

### संविधान रक्षा का वादा

- कांग्रेस ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव' के विचार को अस्वीकार करती है।
- संविधान की दसवीं अनुसूची में संशोधन किया जाएगा और दलबदल करने वाले विधायक वा सांसद को विधानसभा या संसद की सदस्यता से स्वतः अयोग्य घोषित किया जाएगा।
- भोजन और पहनावे, प्यार और शादी एवं भारत के किसी भी हिस्से में यात्रा और निवास की व्यक्तिगत पसंद में हस्तक्षेप नहीं। सभी कानून और नियम जो अनुचित रूप से हस्तक्षेप करते हैं उन्हें रद्द किया जाएगा।
- संसद के दोनों सदन साल में 100 दिनों के लिए चलेंगे। दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों को किसी भी राजनीतिक दल से अपना संबंध तोड़ना होगा, तटस्थ रहना होगा।
- योजना आयोग को बहाल किया जाएगा।
- पुलिस, जांच और खुफिया एजेंसियां सख्ती से कानून के अनुसार काम करेंगी। मनमानी तलाशी, और बुलडोजर न्याय को समाप्त करने का वादा।

### वादे यह भी

- सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक की शिक्षा को निःशुल्क एवं अनिवार्य बनाने के लिए शिक्षा का अधिकार (आर.टी.ई.) अधिनियम में में संशोधन।
- सरकारी स्कूलों में विभिन्न प्रयोजनों के लिए विशेष शुल्क लेने की प्रथा को समाप्त किया जाएगा।
- राज्य सरकारों के परामर्श से केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की संख्या बढ़ाया जाएगा।

### युवाओं से ये वादे भी

- स्टार्ट-अप के लिए फंड ऑफ फंड्स योजना का पुनर्गठन किया जाएगा और उपलब्ध फंड का 50 प्रतिशत, 5,000 करोड़ रुपए देश के सभी जिलों में समान रूप से आवंटित किया जाएगा।
- उन आवेदकों को एक बार कि राहत मिलेगी, जो महामारी के समय 1 अप्रैल 2020 से 30 जून 2021 के दौरान सरकारी परीक्षा नहीं दे सके।
- सरकारी परीक्षाओं और सरकारी पदों के लिए आवेदन शुल्क समाप्त किया जाएगा।
- सभी छात्र शैक्षिक ऋणों के संबंध में 15 मार्च 2024 तक ब्याज सहित ऋण की देय राशि को माफ किया जाएगा और बैंकों को सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी।
- 21 वर्ष से कम आयु के प्रतिभाशाली और उभरते खिलाड़ियों को प्रति माह 10,000 रुपए की खेल छात्रवृत्ति प्रदान किया जाएगा।

### चुनाव जीतने पर इंडिया करेगा PM का फैसला: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी होने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह देश, लोकतंत्र एवं संविधान बचाने का चुनाव है तथा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तरफ से प्रधानमंत्री कौन होगा, इस बारे में चुनाव में जीत के बाद घटक दल मिलकर फैसला करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास करने वालों और संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा करने का प्रयास करने वालों के बीच है।

राहुल गांधी ने कहा, विपक्षी गठबंधन इंडिया में फैसला किया गया है कि हम विचारधारा के आधार पर एकजुट होकर चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव के बाद सभी मिलकर फैसला करेंगे कि प्रधानमंत्री कौन होगा। यह चुनाव बुनियादी रूप से अलग है. मुझे नहीं लगता कि संविधान और लोकतंत्र को इतना खतरा पहले कभी था, जितना आज है। उन्होंने दावा किया, एक तरफ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संविधान और लोकतंत्र पर आक्रमण कर रहे हैं, संस्थाओं पर कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि यह एकाधिकार सीबीआई और ईडी जैसी तमाम संस्थाओं पर कब्जा करके कायम किया गया है।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र में विदेशों की तस्वीरें: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र की आलोचना करते हुए कहा कि ये झूठ का पुलिंदा है। भाजपा के प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में जल प्रबंधन को लेकर एक तस्वीर है। यह तस्वीर अमेरिका के न्यूयार्क राज्य में बफेलो नदी की है। इसके अलावा इसमें राहुल गांधी के पसंदीदा स्थान थाईलैंड की भी एक तस्वीर लगाई गई है। त्रिवेदी ने कहा कि पहले वे विदेशों में जाकर भारत और मोदी सरकार की छवि खराब करते थे, अब अपने लिए विदेशों की तस्वीरें उधार में ले रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए अपने पहले के घोषणापत्रों में किए गए अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया।

**बिहार: महागठबंधन के एकता राग में 'वीआईपी' धुन**

## 'इंडिया' के साथ आए मुकेश सहनी, राजद ने अपने कोटे से दी तीन सीटें

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के सियासी रंग बदलने का सिलसिला जारी है। मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी(वीआईपी) शुक्रवार को विपक्षी दलों के महागठबंधन का हिस्सा बन गई। राजद नेता व पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने राजद के खाते की तीन सीट गोपालगंज, झंझारपुर और मोतिहारी भी सहनी को देने की घोषणा की।

अब राजद के पास उसके हिस्से की 26 में से 23 सीट बची हैं। तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये सारी घोषणाएं करते हुए कहा कि सहनी ने अति-



पिछड़ा समाज के लोगों के लिए काफी संघर्ष किया है। जिस प्रकार से भाजपा ने इनके दल को तोड़ने का प्रयास किया, वो भी हमने देखा है। जो लोग कल्पना कर रहे हैं और 400 पार का नारा लगा रहे हैं, इस बार बिहार की धरती उन्हें धूल चटाने का काम करेगी। इस बार बिहार चौंकाने वाले नतीजे देगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए यह गठबंधन हुआ है और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मुकेश सहनी के आने से महागठबंधन को मजबूती मिलेगी।

### भाजपा नीत केंद्र सरकार पर साधा निशाना

तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी ने केंद्र की भाजपा नीत राजग सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश में संविधान खत्म कर तानााशही लाना चाहती है। तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद और वीआईपी में शामिल सभी नेता-कार्यकर्ता एक विचाराधार के हैं और सारे मुद्दों पर आपसी सहमति बनी है, इसलिए पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडिया में मुकेश सहनी का स्वागत करती है। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये पहले भाजपा के साथ थे, लेकिन पार्टी में उनके साथ धोखा करते हुए उनकी पार्टी को तोड़कर सभी विधायकों को अपनी पार्टी में शामिल करवा लिया गया। ये भाजपा के दोहरे चरित्र को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा भी है कि हम लोगों को प्रचंड बहुमत दीजिए, हमें संविधान बदलना है। भाजपा का असली चेहरा सबके सामने उजागर हो गया है, आज साफ दिख रहा है कि संविधान और लोकतंत्र को खतरा है। राजद और वीआईवी के बीच सीटों के बंटवारे के ऐलान के पहले शुक्रवार सुबह मुकेश सहनी, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव से मिलने पहुंचे। इनके बीच करीब डेढ़ घंटे तक चर्चा हुई, जिसके बाद शाम को औपचारिक रूप से वीआईपी के विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल होने की घोषणा की गई।

### राजद 23 सीटों पर लड़ेगा चुनाव

बिहार में विपक्षी गठबंधन इंडिया में सीटों का बंटवार पूरा हो गया है। सीटों के बंटवारे के तहत राजद के खाते में 26 सीटें आई थीं। अब राजद की ओर से अपने खाते की तीन सीटें वीआईपी को दे दी गई हैं। इस तरह से अब राजद 23 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा कांग्रेस 9 और वाम दलों को पांच सीटें दी गई है।

### मोतिहारी में होगा राजद की पसंद का प्रत्याशी

सूत्रों के अनुसार मुकेश सहनी काफी दिनों से तेजस्वी यादव और लालू यादव से संपर्क में थे। उन्होंने राजद से गठबंधन कर लिया है। लेकिन इसमें एक शर्त ये भी है कि एक सीट पर राजद अपने पसंद का उम्मीदवार उतारेगी। इसके तहत मोतिहारी की सीट पर राजद की पसंद का प्रत्याशी होगा।

### कांग्रेस के एक निरीह प्राणी: आनंद मोहन

शिवहर (बिहार)। शिवहर से पूर्व सांसद आनंद मोहन ने एक बार फिर से कांग्रेस पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में कांग्रेस एक निरीह प्राणी है। उन्होंने कहा, पप्पू यादव पूर्णिया से बगैर लालू यादव की मदद के भी जीत चुके हैं। इस दौरान आनंद मोहन ने लालू परिवार और कांग्रेस दोनों पर निशाना साधा।

## जरूरी खबर

### केरल के कन्नूर में विस्फोट, एक जने की मौत

**कन्नूर (केरल)।** पुलिस ने बताया कि गुरुवार रात उत्तरी केरल जिले के पनुर के पास एक धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रात करीब एक बजे हुई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि विस्फोट देशी बमों के निर्माण के दौरान हुआ। काइवेलिक्कल की रहने वाली शेरिन की कोझिकोड के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, दूसरे घायल व्यक्ति विनेश की एक हथेली कट गई और उसकी हालत गंभीर है। दोनों सीपीआई (एम) के समर्थक हैं। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीसन ने इस घटना के लिए सत्तारूढ़ पार्टी सीपीआई (एम) को जिम्मेदार ठहराया।

### भोजशाला में जारी रहेगा एएसआई का सर्वे

**नई दिल्ली/धार।** मध्य प्रदेश के धार स्थित भोजशाला में एएसआई का सर्वे अभी जारी रहेगा। सर्वे के खिलाफ दायर याचिका को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करते हुए सुनवाई से इनकार कर दिया है। याचिका कमाल मौला मस्जिद के मुतवल्ली काजी मोइनुद्दीन द्वारा दायर की गई थी। दरअसल, इंदौर हाई कोर्ट के एसआई को भोजशाला के सर्वे के लिए दिए गए अंतरिम आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। वहीं, याचिकाकर्ता हाई कोर्ट में पक्षकार नहीं थे, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने इस पर सुनवाई से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट भोजशाला के सर्वे कराने पर रोक पर सोमवार को ही इनकार कर चुका है।

### अयोध्या विवाद में पक्षकार रहे अंसारी के साथ बदसलूकी



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का समर्थन करना विवादित ढांचा मामले में बाबरी पक्ष के पूर्व पक्षकार इकबाल अंसारी को भारी पड़ गया। शुक्रवार को अलविदा की नमाज के दौरान मस्जिद परिसर में अय्यूब उर्फ पप्पू नामक व्यक्ति ने उससे अभद्रता की है। इकबाल अंसारी ने मामले में हाथापाई और धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना रामजन्मभूमि में तहरीर दी है। इकबाल का आरोप है कि योगी सरकार की बधाई और योगी के समर्थन के कारण अयूब नाराज है। उन्होंने बताया कि वह बिजली शाहिद मस्जिद में नमाज पढ़ने गए थे। अयूब उर्फ पप्पू के साथ चार लोग मस्जिद में मौजूद थे।

## मतदान बढ़ाने के उपायों पर चर्चा




*नई दिल्ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को मतदान में कम सहभागिता विषय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कई राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं कुछ प्रमुख नगर निकायों के नगर आयुक्त उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोग द्वारा मतदाताओं की उदासीनता पर एक पुस्तिका का विमोचन किया गया।*

### लालू के खिलाफ स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी



**ग्वालियर।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मध्य प्रदेश की एमपीएमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामला हथियारों की अवैध खरीद-फरोख्त से जुड़ा है और करीब 26 साल से लंबित है। लालू यादव के खिलाफ पहले भी स्थायी वारंट जारी हो चुका है, जिसके बाद उन्हें फरार घोषित कर दिया गया था। हालांकि, उस दौरान इस बात की पुष्टि नहीं सकी थी कि आरोपित लालू प्रसाद यादव बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री हैं या कोई अन्य व्यक्ति। बाद में मामला एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंचा और प्रक्रिया के दौरान स्पष्ट हो गया कि आरोपित लालू प्रसाद यादव बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ही हैं। वहीं, अब उनके खिलाफ स्थाई वारंट जारी किए जाने की प्रक्रिया पूरी की गई।

**बढ़ती गर्मी के बीच राहत की खबर...**

# चार जून तक केरल के तट पर दस्तक दे सकता है मानसून

एजेंसी | नई दिल्ली

उत्तर भारत समेत देश के तमाम राज्यों को जल्द ही गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। राजधानी दिल्ली में बीते दिनों बारिश होने से तापमान में गिरावट तो आई है, लेकिन कुछ ही दिनों में मौसम और सुहावना होने वाला है। दरअसल, भारत मौसम विभाग का आकलन है कि मानसून का आगमन जून में होगा। मानसून मजबूत होने के बाद 4 जून के आसपास केरल में पहुंच जाएगा। हालांकि, इस साल मानसून के सामान्य रहने की सबसे अधिक संभावना।




भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक मत्युजंय महापात्र ने कहा कि इस साल जून की शुरुआत तक अल नीनो का प्रभाव कम होता दिख रहा है। इस वजह से मध्य प्रशांत महासागर ज्यादा गर्म नहीं होगा और दक्षिण-पश्चिम मानसून पर भी ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। खास बात यह है कि दक्षिण पश्चिम मानसून की वजह से भारत में लगभग 70 प्रतिशत बारिश होती है। यह बारिश कृषि क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। कुल मिलाकर यह वर्षा पर निर्भर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए भी अच्छा संकेत है। बता दें कि भारत में 2023 के मानसून के मौसम में औसत से कम वर्षा हुई, जिसके लिए अल नीनो के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था।

#### क्या है अल नीनो

अल नीनो सदर्न ऑसिलेशन (ईएनएसओ) का एक हिस्सा है, जो मौसम और समुद्र से संबंधित एक प्राकृतिक जलवायु घटना को बताता है। ईएनएसओ के दो चरण होते हैं- अल नीनो और ला नीना। समुद्र का तापमान और वायुमंडलीय परिस्थितियों में जो बदलाव आते हैं उस समुद्री घटना को अल नीनो का नाम दिया गया है। इस बदलाव के कारण समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री ज्यादा हो जाता है।

#### देश के कुछ हिस्सों में दो दिन लू की चेतावनी

मौसम विभाग ने शुक्रवार को एक नवीनतम अपडेट जारी किया। जिसमें कहा गया कि अगले दो दिनों के दौरान झारखंड, विदर्भ, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा में लू का असर रह सकता है। पिछले 24 घंटों के दौरान, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, रायलसीमा और तटीय आंध्र प्रदेश और यनम के अलग-अलग इलाकों में लू की स्थिति बनी रही।

**राजभवन व सरकार में टकराव के आसार**

## मिनी संदेशखाली बन गए विवि, जांच होगी: बोस

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की ममता सरकार और राज्यपाल सीवी आनंद बोस के बीच टकराव और बढ़ने के आसार हैं। राज्यपाल बोस ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रदेश के कई विश्वविद्यालय मिनी संदेशखाली बन गए हैं। उन्होंने राज्य में सरकारी सहायता प्राप्त विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार और हिंसा का आरोप लगाया है। उन्होंने पूरे मामले की न्यायिक जांच का आदेश दिया है। बता दें कि राज्यपाल बोस राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी विश्वविद्यालयों के चांसलर भी हैं।

राजभवन के अधिकारी ने कहा कि इसके लिए राजभवन की ओर से एक कमेटी भी गठित की गई है, जो इस बात की जांच करेगी कि क्या वाकई विश्वविद्यालयों का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है। समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश करेंगे।



#### लगाए थे यह आरोप

बोस का कहना था कि शिक्षा मंत्री ने हाल ही में गौर बंगा विश्वविद्यालय में राजनेताओं के साथ बैठक की। इस तरह शिक्षा मंत्री ने जान-बूझकर चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। राजभवन द्वारा सोशल मीडिया पर की गई एक पोस्ट में लिखा गया कि शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने राज्यपाल को उन्मादी और अल्जाइमर से पीड़ित बताया। बसु के आरोप राज्यपाल और ममता बनर्जी के बीच संबंध खराब करने की कोशिश है।

**भारत ने दिखाया बड़ा दिल**

## मालदीव को भेजेगा चीनी-चावल

एजेंसी | मुंबई

भारत और मालदीव के बीच रिश्तों में जमी बर्फ अभी पिघली नहीं हैं। इसके बावजूद भारत इस द्वीप राष्ट्र को जरूरी चीजों का निर्यात करेगा। इसमें चीनी, गेहूं, चावल और आलू जैसी चीजें शामिल होंगी।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शुक्रवार को जारी अधिसूचना में कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत इन वस्तुओं का निर्यात किया जाएगा।



इसके मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में मालदीव के लिए चीनी, गेहूं, चावल और प्याज जैसी आवश्यक वस्तुओं के सीमित निर्यात पर किसी भी मौजूदा या भविष्य के प्रतिबंध/निषेध से छूट दी जाएगी।

वहीं, भारतीय उच्चायुक्त ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किए गए पोस्ट में कहा कि जिन वस्तुओं को भारत मालदीव को निर्यात करेगा उनमें चावल 124,218 टन, गेहूं का आटा 109,162 टन, चीनी 64,494 टन, आलू 21,513 टन, प्याज 35,749 टन, पत्थर और रेत 10 लाख टन और 42.75 करोड़ अंडे शामिल हैं।

भारत की ओर से यह घोषणा बीते साल नवंबर से दोनों देशों के बीच शुरू हुए विवाद के बीच आई है, जब राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शपथ लेने के कुछ ही घंटों के भीतर भारत से अपने 88 सैन्य कर्मियों को उनके देश से वापस बुलाने की मांग की थी।

### सहारनपुर में आज चुनावी शंखनाद करेंगे PM मोदी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सहारनपुर से चुनावी शंखनाद करेंगे। रैली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी मंच साझा करेंगे। रैली इसलिए भी खास है कि रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी भी लंबे समय बाद प्रधानमंत्री के साथ मंच पर दिखेंगे। इसके अलावा एनडीए के सहयोगी दलों के नेता भी रैली का हिस्सा होंगे। रैली दिल्ली रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग मैदान में सुबह साढ़े 10 बजे होगी। इसके लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।

**चंडीगढ़ के मेयर चुनाव का मामला**

## रिटर्निंग ऑफिसर रहे मसीह ने SC से माफी मांगी, सुनवाई 23 जुलाई को

एजेंसी | नई दिल्ली

चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले में रिटर्निंग ऑफिसर रहे अनिल मसीह ने सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी है। बता दें कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा अनिल मसीह के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 340 के तहत कार्यवाही शुरू की गई थी। उन पर मतपत्रों से छेड़छाड़ कर आठ वोटों को अवैध करार देने और कोर्ट में गलत बयान देने का आरोप था।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मामले की सुनवाई 23 जुलाई को होगी। सुप्रीम कोर्ट में अनिल मसीह की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी पेश हुए। उन्होंने कहा कि अनिल मसीह ने इस पर बिना शर्त माफी मांगी है क्योंकि वह भारी दबाव में थे। रोहतगी ने कहा कि उन्होंने खुद मसीह से बात की है और वह अपने व्यवहार के लिए माफी मांग रहे हैं।

उन्होंने मसीह को अपना हलफनामा वापस लेने और कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण की सलाह दी है। उधर वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि सिर्फ माफी मांगने से काम नहीं चलेगा।

**पाकिस्तान में टारगेट किलिंग की ब्रिटिश अखबार की रिपोर्ट खारिज**

# भारत में गड़बड़ी कर छिपे तो घर में घुसकर मारेंगे

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत द्वारा पिछले कुछ सालों में पाकिस्तान में 20 आतंककारियों को मार गिराने के एक ब्रिटिश अखबार के दावे के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि अगर कोई आतंकवादी भागकर पाकिस्तान में छिपेगा तो हम उसे घुसकर मारेंगे।

दरअसल ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि भारत ने पिछले कुछ साले में पाकिस्तान में 20 आतंकियों को मार गिराया है। इस रिपोर्ट को लेकर रक्षा मंत्री सिंह ने एक सवाल के जवाब में कहा



कि हमारे पड़ोसी देश से कोई भी आतंकी भारत में गड़बड़ी करने की कोशिश भी करता है तो उसका हम मुंहतोड़ जवाब देंगे।

अगर वो भागकर पाकिस्तान में भी छिप जाएगा तो हम उसे पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे। रक्षा मंत्री ने एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में यह बात कही। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान में टारगेट किलिंग करने के आरोपों से इनकार किया था। उसने द गार्जियन की रिपोर्ट को झूठा और दुर्भावनापूर्ण प्रचार कहा।

#### पाकिस्तान समझने लगा है हमारी ताकत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साफ- साफ कह दिया कि पाकिस्तान भी अब हमारी ताकत को समझने लगा है। हमने कभी भी किसी भी देश पर आक्रमण नहीं किया और न ही किसी की एक इंच जमीन भी नहीं ली है लेकिन उसके बाद भी अगर कोई आंख दिखाएगा तो उसकी खैर नहीं होगी। रक्षा मंत्री ने दावा किया, भारत अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है, चाहे वो कोई भी देश हो।

#### निष्पक्ष चुनावों पर यूएन हमें ज्ञान न दें: विदेश मंत्री जयशंकर

इस बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत में चुनावों पर संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी की हालिया टिप्पणी को खारिज करते हुए कहा है कि वैश्विक निकाय को यह बताने की जरूरत नहीं है कि देश में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष' होने चाहिए। विदेश मंत्री ने यह टिप्पणी संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता के बयान से जुड़े सवाल पर की, जिसमें प्रवक्ता ने कहा था कि उन्हें 'उम्मीद' है कि भारत में लोगों के 'राजनीतिक और नागरिक अधिकारों' की रक्षा की जाएगी और हर कोई 'स्वतंत्र और निष्पक्ष' माहौल में मतदान करने में सक्षम होगा।

#### पीओके है भारत का अभिन्न अंग

पाकिस्तान तो दो टूक जवाब देते हुए सिंह ने कहा कि पीओके भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि पीओके में रहने वाले लोग भी भारत में विलय करना चाहते हैं। इसके लिए वहां पर खूब प्रदर्शन हुए हैं।

**यूपी: मदरसा एजुकेशन एक्ट का मामला**

## 17 लाख छात्रों को राहत... हाई कोर्ट के फैसले पर रोक

एजेंसी | नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हाईकोर्ट ने मदरसा एक्ट के प्रावधानों को समझने में भूल की है। हाई कोर्ट का ये मानना कि ये एक्ट धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है, गलत है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिया था। जिसको सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान मदरसा बोर्ड की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हाईकोर्ट का अधिकार नहीं बनता कि इस एक्ट को रद्द करे... 17 लाख छात्र इस फैसले से प्रभावित हुए हैं। वहीं, करीब 25000 मदरसे प्रभावित हुए हैं।

ये लगभग 125 साल पुराना है, 1908 से मदरसा रजिस्टर हो रहे हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली तीन जजों की पीठ ने इस मामले में केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी इस पीठ में शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला राज्य के मदरसों के 17 लाख छात्रों के लिए यह बड़ी राहत की बात है।

### आरसीबी के खिलाफ मैच में महिलाओं के नेतृत्व वाले बदलावों को बढ़ावा देने की पहल



## #PinkPromise- रॉयल्स छक्के मारकर सौर ऊर्जा से रोशन करेंगे घर

बेधड़क | जयपुर

प्लेयर्स प्रदेश में बदलाव लाने के लिए भी चौके-छक्के लगाते हैं। अब #PinkPromise मैच के दौरान लगने वाले छक्के प्रदेश में घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करेंगे। रॉयल्स गुलाबी रंग की जर्सी पहनेगी, जिस पर सम्मान के रूप में आरआरएफ की महिला लाभार्थियों के नाम अंकित होंगे।

दरअसल आरआरएफ की स्थापना 2019 में 'औरत है तो भारत है' के दृष्टिकोण के साथ हुई थी और तब से यह जल, आजीविका, स्वच्छ ऊर्जा और मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को लेकर राजस्थान की सशक्त महिलाओं के लिए समान अवसर पैदा करने पर काम कर रहे हैं। ऐसे में अब रॉयल्स ने #PinkPromise मैच के माध्यम से अधिक से अधिक घरों को बिजली देने का फैसला किया है।



### ये भी होंगे आकर्षण

साथ ही मैच से पहले सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थानी महिला कलाकारों का प्रदर्शन, राजस्थानी सैंड आर्टिस्ट द्वारा सौर पैनल से संचालित सैंड आर्ट यानि रेत कला का निर्माण, फाउंडेशन से महिला लाभार्थियों और विभिन्न क्षेत्रों में राज्य को गौरवान्वित करने वाली राजस्थान की महिलाओं की उपस्थिति भी रहेगी। साथ ही स्टेडियम के बाहर एक एआर प्लेयर बूथ शामिल है। दर्शकों को रॉयल्स के #PinkPromise का जश्न मनाने और उसका हिस्सा बनने का मौका मिलेगा। इसके लिए रॉयल्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेक लश मैक्रम ने कहा कि औरत है तो भारत है के उद्देश्य के साथ फाउंडेशन ने 5 वर्षों में राजस्थान में 1 करोड़ 50 लाख से अधिक महिलाओं के जीवन को सकारात्मक प्रभावित किया। हमारा लक्ष्य एक ग्रामीण परिवर्तन मॉडल बनाने का है, जिसे न केवल राजस्थान के अन्य भागों में बल्कि पूरे देश में लागू किया जा सके।

### जर्सी की आय फाउंडेशन को

राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले परिवर्तन को समर्थन देने के लिए आईपीएल की पहली चैंपियन आरआर ने यह भी तय किया है कि विशेष गुलाबी रंग की मैच डे जर्सी की बिक्री से होने वाली पूरी आय फाउंडेशन को दान की जाएगी। साथ ही #PinkPromise मैच के लिए खरीदे गए हर टिकट से भी दान करने का वादा किया है।






## हिंदी की विकास यात्रा पर चर्चा



**बेधड़क. जयपुर।** दूरदर्शन केंद्र जयपुर में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। हिंदी की प्रासंगिकता और भविष्य विषय पर आयोजित कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी के वरिष्ठ साहित्यकार एवं समालोचक डॉ. नवल किशोर दुबे ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. दुबे ने इस अवसर पर हिंदी भाषा को समृद्ध करने के प्रयासों पर जोर दिया। साथ ही हिंदी के प्रचार प्रसार में लोक सेवा प्रसारक माध्यमों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यालय प्रमुख सतीश देपाल ने हिंदी की विकास यात्रा पर जानकारी साझा की। कार्यशाला में बोलते हुए समाचार प्रमुख मंजू मीणा ने हिंदी की वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता एवं महत्व को बताया एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी के महत्व को रेखांकित किया। कार्यशाला के आरंभ में राजभाषा अधिकारी डॉ. वासुदेव शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यशाला में केंद्र के करीब 80 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में निदेशक अभियांत्रिकी एच.पी.मीणा और कार्यक्रम प्रमुख अशोक अंबवानी भी उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन कार्यक्रम अधिशाषी वीरेंद्र कुमार परिहार ने किया।

## भा गई 'मैं लड़ेगा' की क्रिएटिविटी




**बेधड़क, जयपुर।** जयपुराइट्स को एक्टर-राइटर आकाश प्रताप सिंह की क्रिएटिविटी भा गई। वे इस महीने बड़े पर्दे पर पारिवारिक एक्शन ड्रामा लेकर आ रहे हैं। 'मैं लड़ेगा' नामक फिल्म एक छोटे शहर की कहानी है, जिसके पोस्टर ने जयपुराइट्स को कनेक्ट किया। 'मैं लड़ेगा' में मां को लगभग हर दिन अपने पति से घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। यह अप्रिय माहौल आकाश के किरदार पर छाप छोड़ देता है। वह खुद को घर से दूर कर लेता है और बड़ा होकर एक मुक्केबाज बन जाता है। वह पितृसत्ता से लड़ता है और पिता से भिड़ जाता है। ऐसे में पोस्टर भी वास्तव में तनावपूर्ण पारिवारिक समीकरण और एक बेटे के अपनी मां के प्रति प्रबल प्रेम को दर्शाता है। दिल के आकार के बॉक्स दस्तानों के बीच में सेट की गई एक फटी हुई पारिवारिक तस्वीर को दिखाते हुए कहानी के भीतर पनप रहे तूफान की ओर इशारा जयपुर के युवाओं के साथ हर उम्र के लोगों को भा गया।

## City इवेंट्स

### अवीवा फुटबॉल क्लब ने अजमेर को हराया



**बेधड़क. जयपुर।** पीर बाबा फुटबॉल क्लब मैदान थोरासी में पहली बार राजस्थान लीग के 72 मैचों में से मैच नंबर 26 का आयोजन किया गया। इसमें अवीवा फुटबॉल क्लब का मैच अजमेर के साथ हुआ। इसमें अवीवा फुटबॉल क्लब ने 1-0 से जीत हासिल की। अवीवा की तरफ से अभिषेक पठानिया ने 38वें मिनट में एक शानदार गोल किया। मैच के मुख्य अथिति समाजसेवी राजेंद्र सिंह शेखावत (जेरठी) हेमेंदर शर्मा पार्षद, राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत, जिला फुटबॉल संघ सीकर के सचिव सुरेंदर मील, पीरबाबा समिति के सचिव तारा चंद जांगिड़, संरपच जयप्रकाश आदि मौजूद रहे।

### भगवद् गीता का अध्ययन जरूरी



**बेधड़क. जयपुर।** बाबा शुकदेव दास निम्बार्क संत आश्रम, नायला में संत श्री शुकदेव दास महाराज के दशम स्मृति दिवस के उपलक्ष में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में व्यासपीठ से आचार्य रमेश शास्त्री ने निम्बार्क भगवान के द्वैताद्वैत सिद्धांत और वेदांत दशश्लोकी की व्याख्या की। इस अवसर पर आचार्य ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता जैसा विचार दुनिया के समस्त विचारों में नहीं मिलता। कथा विश्राम के पश्चात भजन संध्या में अंतरराष्ट्रीय भजन गायक कैलाश अनुज, हनुमान प्रसाद, बनवारीलाल, गरिमा कुमावत, खुशी रावल, डॉ. महेश शर्मा, संजय 'सर्वेश्वर' ने सुरीली प्रस्तुति दी। इस अवसर पर संत मनोहरशरण-पलसाना, संत गोपालदास महाराज भीलवाड़ा, राधा माधव शरण विपिनबिहारी शरण, राधाकिशन दास महाराज ने संतश्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। शनिवार को संत सेवा व भंडारे का आयोजन होगा।

### विधायक के बताई अपनी मांगें



**बेधड़क. जयपुर।** क्रेडाई राजस्थान एक्सपो में 400 से अधिक प्रोजेक्ट को विशेषज्ञों ने बताया तो विधायक कालीचरण सर्राफ ने विजिट किया। क्रेडाई राजस्थान अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि हम सरकार से मांग रखते हैं कि 50 लाख से कम कीमत के फ्लैट्स पर 2 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी की छूट को बरकरार रखा जाए। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को कम दामों पर अच्छा घर देना लक्ष्य होता है। रेरा के आने से उपभोक्ताओं की कानूनी अड़चन खत्म हो गई है।

### रायकृष्ण दास के संस्मरणों के संग्रह का विमोचन

## पाठक को अतीत की यात्रा पर ले जाती है 'दास की यादों में प्रसाद'



बेधड़क | जयपुर

डॉ. कल्याण प्रसाद वर्मा की वाणी प्रकाशन से प्रकाशित पुस्तक 'दास की यादों में प्रसाद' का विमोचन शुक्रवार को राधाकृष्णन पुस्तकालय में शब्द समय द्वारा आयोजित समारोह में किया गया। 'दास की यादों में प्रसाद' कवि जयशंकर प्रसाद के बारे में उनके मित्र कलानुरागी रायकृष्ण दास द्वारा लिखे गए संस्मरणों का रोचक संग्रह है। विमोचन समारोह में अतिथियों ने पुस्तक को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने पुस्तक को पठनीय और जानकारी देने वाली बताया।

वरिष्ठ आलोचक डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल ने कहा कि यह किताब हमें अतीत की यात्रा पर ले जाती है। संस्मरणों के सहारे हम उस दौर के साहित्यिक इतिहास में पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. वर्मा ने अतीत को सहेजने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. नरेंद्र शर्मा 'कुसुम' का कहना था कि डॉ. वर्मा साहित्य की सेवा के साथ ही समाज की सेवा में लगे हुए हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद वे जरूरतमंद बच्चों को आर्थिक सहायता देते हैं। वहीं, व्यंग्यकार प्रभाशंकर उपाध्याय ने कहा कि जिस तरह मधुमक्खी भिन्न-भिन्न फूलों से मधु का संचय करती है, वैसे ही डॉ. वर्मा ने बरसों पुरानी साहित्यिक पत्रिकाओं में छपे महत्वपूर्ण स्तंभों का संकलन कर एक अति पठनीय पुस्तक तैयार की है।

### शहर में कई स्थानों पर हुए आयोजन

## जयपुराइट्स ने श्री श्याम मंदिरों में खाटू नरेश को भजनों से रिझाया



बेधड़क | जयपुर

एकादशी पर शहर में कई स्थानों पर विभिन्न आयोजन किए गए। इस दौरान जयपुराइट्स ने श्री श्याम मंदिरों में खाटू नरेश श्याम बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। श्री श्याम मंदिरों में अखंड ज्योत प्रज्वलित कर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई, जिनमें गायकों ने भजनों के माध्यम से बाबा को रिझाया।

रामगंज बाजार के कांवटियों का खुर्रा स्थित प्राचीन श्याम मंदिर में महंत पं. लोकेश मिश्रा के सान्निध्य में श्याम प्रभु की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। महिला मंडल ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बनाया। वहीं, श्री श्याम सेवा परिवार समिति और श्री राधा सेवा महिला मंडल बैनाड़ रोड की ओर से निवारू रोड झोटवाड़ा की जगदीश कॉलोनी में 35वां मासिक एकादशी भजनोत्सव का आयोजन किया गया। श्याम प्रभु का दरबार सजाकर अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। मामराज अग्रवाल, राज राठौड़, खुशी-खुशबू चौहान, आदित्य छीपा, अरुण शर्मा व अन्य ने श्याम प्रभु का गुणगान किया। इसी कड़ी में म्हारे घरा पधारो श्याम संस्था की ओर से अग्रवाल फार्म मानसरोवर सेक्टर 113 के श्याम पार्क में भजन संध्या का आयोजन किया गया। अध्यक्ष रतन कट्टा ने बताया, कि बाबा श्याम का श्रृंगार किया गया। अखंड ज्योत प्रज्वलित कर भजन गायकों ने देर रात तक खाटू नरेश को भजनों से रिझाया।

**पोस्टर विमोचन** | राजधानी में मनाया जाएगा 11 दिवसीय उत्सव

## नव संवत्सर-2081 स्वागत में छोड़े जाएंगे श्वेत अश्व

बेधड़क | जयपुर

भारतीय नववर्ष नव संवत्सर-2081 के स्वागत के लिए राजधानी में 11 दिवसीय नव संवत्सर उत्सव मनाया जाएगा। पं. सुरेश मिश्रा, आचार्य राजेश्वर सहित अन्य ने नारायण सिंह सर्कल स्थित भट्टारकजी की नसियां में आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया। मिश्रा ने बताया, कि 6 से 17 अप्रेल तक 11 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम नव संवत्सर उत्सव के रूप में आयोजित किए जाएंगे। 6 अप्रैल को नव संवत्सर के स्वागत के लिए चार सफेद अश्व छोड़े जाएंगे। ये अश्व वास्तु के हिसाब से 8 दिशाओं में ईशान में खोले के हनुमानजी मंदिर, पूर्व में गलताजी, आग्नेय में गोनेर मंदिर, दक्षिण में सांगा बाबा, नैऋत्य में स्वामी नारायण मंदिर, पश्चिम में हाथोज हनुमानजी, वायव्य में कदंब डूंगरी और उत्तर में आमेर में काले हनुमान मंदिरजी के लिए छोड़े जाएंगे।



### गोविंददेवजी मंदिर से करेंगे रवाना

भारतीय संस्कृति और नव संवत्सर का प्रचार करने के लिए श्वेत अश्व जयपुर शहर के सभी प्रमुख स्थानों से होते हुए मंदिरों में जाएंगे। सभी श्वेत अश्वों को शनिवार को गोविन्द देवजी मंदिर से सुबह 9:30 बजे रवाना किया जाएगा। विधिवत पूजन कर विभिन्न मंदिरों के संत-मंहत अश्वों की आरती उतारकर रवाना करेंगे। अश्व चार दिन तक आठों दिशाओं में भ्रमण करेंगे।

### धूमधाम से मनाने की करेंगे अपील

अश्वों पर नव संवत्सर मंगलमयी शुभकामनाएं देते हुए के बैनर लगे होंगे। लोगों से आग्रह किया जाएगा कि नव संवत्सर को धूमधाम से मनाएं। नव संवत्सर नौ अप्रैल को जयपुर के प्रमुख मंदिरों में घंटे-घड़ियाल बजाकर नवभोर का स्वागत होगा। शाम को गोविन्द देवजी के मंदिर में महाआरती का आयोजन किया जाएगा।



ज्ञान में निवेश सर्वोत्तम ब्याज देता है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए संदिग्ध आतंकवादियों की कर रहा पहचान

# इजराइल ले रहा युद्ध में AI की मदद



**एजेंसी** | यरुशलम

हमास और इजराइल के बीच कई माह से जंग जारी है। इस युद्ध को रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। अब बताया जा रहा है कि इजराइली सेना हमास के आतंकियों को निशाना बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद भी ले रहा है। एक इजराइली अधिकारियों का कहना है कि एआई-आधारित टूल को लैवेंडर कहा जाता था। इसे 10 प्रतिशत गलती करने के लिए भी जाना था। जब इस बारे में इजराइल के रक्षा बलों से पूछा गया तो उन्होने टूल के होने पर विवाद नहीं किया। संदिग्ध आतंकवादियों की पहचान के लिए एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं, एक अधिकारी का कहना है कि मशीन रबर स्टैंप की तरह काम करती थी। पहले पुरुष की पहचान करती और 20 सेंकड के अंदर ही हमला कर देती।

### सूचना प्रणाली केवल एक टूल

रिपोर्ट के अनुसार, एक लंबे बयान में सेना ने इस बात पर जोर दिया की आतंकियों की पहचान करने की प्रक्रिया में सूचना प्रणाली केवल एक टूल है। हम जंग के समय नागरिकों को कम नुकसान हो इसकी कोशिश में लगे हैं। सेना का यह भी कहना है कि विश्लेषकों को नियमों को देखते हुए एक स्वतंत्र जांच करनी चाहिए।

### तेजी से हो रही अंतरराष्ट्रीय जांच

इजराइल के सैन्य अभियान की अंतरराष्ट्रीय जांच तेजी से हो रही है। दरअसल, इजराइल पर आरोप है कि उसके लक्षित हवाई हमलों में फलस्तीनी एन्क्लेव में भोजन पहुंचाने वाले कई विदेशी सहायता कर्मी मारे गए। इसके बाद इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहस छिड़ गई। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में अबतक 32,916 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र की माने तो उत्तरी गाजा में लगभग तीन-चौथाई आबादी भूख से पीड़ित है।


### विशेषज्ञों ने नए वायरस को लेकर जताई चिंता

# गंभीर हो रहा बर्ड फ्लू

## कोरोना से सौ गुना ज्यादा खतरनाक हो सकता है साबित

**एजेंसी** | लंदन

विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि बर्ड फ्लू संक्रमण तेजी से महामारी का रूप ले सकता है और इसकी उच्च मृत्यु दर को देखते हुए यह कोरोना महामारी से सौ गुना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि एच5एन1 वायरस गंभीर स्थिति की तरफ बढ़ रहा है और बहुत आशंका है कि यह वैश्विक महामारी का कारण बन सकता है। पीट्सबर्ग में बर्ड फ्लू पर रिसर्च करने वाले वैज्ञानिक डॉ. सुरेश कुचिपुड़ी ने चेतावनी दी है कि एच5एन1 वायरस बड़ी संख्या में स्तनधारी जीवों को संक्रमित कर सकता है, जिनमें इंसान भी शामिल हैं। डॉ. सुरेश कुचिपुड़ी ने दावा किया वायरस उस दिशा में बढ़ रहा है, जहां वह महामारी का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि बर्ड फ्लू का संक्रमण दुनिया में जगह-जगह अभी भी मौजूद है और बड़ी संख्या में स्तनधारी अभी भी उससे संक्रमित हो रहे हैं। अब समय आ गया है कि हमें इसके खिलाफ तैयारी करनी चाहिए वरना हालात गंभीर हो सकते हैं।



### कोरोना महामारी से 100 गुना ज्यादा खतरनाक होगा संक्रमण

मीडिया रिपोर्ट्स में एक अन्य विशेषज्ञ के हवाले से कहा गया है कि बर्ड फ्लू संक्रमण कोरोना महामारी से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने दावा किया कि बर्ड फ्लू से फैली महामारी कोरोना महामारी से भी 100 गुना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। बर्ड फ्लू महामारी में मृत्यु दर कोरोना की तुलना में बहुत ज्यादा होगी और अगर इसने इंसानों में म्युटेट होना शुरू कर दिया तो इसके और गंभीर होने का खतरा है।

### डरा रहे विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े


विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, साल 2003 से एच5एन1 वायरस से संक्रमित होने वाले हर 100 मरीजों में से 52 की मौत हो चुकी है। इस तरह एच5एन1 की मृत्यु दर 50 फीसदी से ज्यादा है। इसकी तुलना कोरोना वायरस से करें तो उसकी मृत्यु दर महामारी की शुरुआत में कुछ जगहों पर 20 फीसदी थी, जो बाद में गिरकर सिर्फ 0.1 फीसदी रह गई थी। बर्ड फ्लू के अब तक सिर्फ 887 मामले दर्ज हुए हैं, जिनमें से 462 की मौत हो चुकी है।

### पावर सबस्टेशन को पहुंचा नुकसान

# यूक्रेन ने रूस पर ड्रोन से बरसाए बम

**एजेंसी** | कीव

रूसी सीमा के रोस्तोव क्षेत्र में यूक्रेन ने बड़ा हमला बोला है। यूक्रेन की ओर से हमले में 53 ड्रोन इस्तेमाल किए गए। इसे यूक्रेन की ओर से सबसे बड़े हवाई हमलों में एक माना जा रहा है। हालांकि रूसी सेना की ओर से दावा किया गया है कि इनमें से 44 ड्रोन को मार गिराया गया। इन्हें मोरोजोस्की जिले में मार गिराया गया। रोस्तोव गवर्नर ने कहा है कि हमले में एक पावर सबस्टेशन को क्षति पहुंची है। यूक्रेन के अधिकारियों की ओर से इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की गई है। रूसी मीडिया की ओर से कहा गया है कि मोरोजोस्की के पास सैन्य हवाई क्षेत्र स्थित है। हालांकि, साफ नहीं हो पाया है कि उनका निशाना सैन्य हवाई क्षेत्र था या नहीं। वहीं रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि नौ अन्य ड्रोन को रूस के सीमावर्ती क्षेत्र कुर्स्क, बेलगोरोद, क्रास्नोडार और निकटवर्ती सेराटोव क्षेत्र में इंटरसेप्ट कर लिया गया। रूस-यूक्रेन युद्ध में बड़े पैमाने पर ड्रोन का इस्तेमाल किया जाता रहा है।



## न्यायिक सुधार का समय आ गया: भुट्टो

**कराची।** पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा कि देश में न्यायिक सुधार हो। बिलावल जरदारी भुट्टो ने कहा कि हम लोगों को त्वरित न्याय देना चाहते हैं। दिवंगत जुल्फिकार अली भुट्टो की 45वीं बरसी के मौके पर लरकाना जिले में इफ्तार में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए बिलावल ने कहा कि पीपीपी नई संघीय सरकार से न्यायिक सुधार करने के लिए कहेगी।

## मॉस्को अटैक के 3 आरोपी और गिरफ्तार

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस की एफएसबी सिक्योरिटी सर्विस ने गुरुवार को कहा कि उसने पिछले महीने मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल पर हुए आतंकवादी हमले की साजिश में शामिल होने के संदेह में तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है।

सरकारी मीडिया ने इसकी जानकारी दी है। हथियारबंद लोगों ने मॉस्को के बाहरी इलाके में स्थित क्रोकस सिटी हॉल पर हमला किया था और इमारत में आग लगा दी थी। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली जिसमें 140 से अधिक लोग मारे गए थे। एफएसबी ने कहा कि उसने हमले के लिए फंडिंग और लोगों की भर्ती करने के आरोप में मॉस्को से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। हिरासत में लिए गए लोगों में से दो ने आतंकवादी हमले में इस्तेमाल हुए हथियार और गाड़ियों की खरीद के लिए पैसे ट्रांसफर किए और तीसरा व्यक्ति सीधे तौर पर आतंकी हमले के लिए लोगों की भर्ती करने और उनकी फंडिंग में शामिल था। सरकारी मीडिया की ओर से जारी किए गए वीडियो में एफएसबी एजेंट आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। एजेंसी ने बताया कि इनमें दो विदेशी नागरिक हैं और एक रूसी है।

### 3200 मेगापिक्सल का लैंस खोलेगा ब्रह्मांड के राज

# सबसे बड़ा डिजिटल कैमरा तैयार

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

लगभग दो दशक बाद लेगेसी सर्वे ऑफ स्पेस एंड टाइम ( एलएलएसटी) कैमरा बनकर तैयार हो चुका है। अब इसे चिली के रुबिन ऑब्जर्वेटरी में भेजा जाएगा, जहां पर यह कैमरा 3,200 मेगापिक्सल में स्पेस की तस्वीरें क्लिक करेगा। बता दें कि यह दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल कैमरा है। इसकी मदद से वैज्ञानिकों को ब्रह्माण्ड से जुड़े कई रहस्यों को सुलझाने में मदद मिल सकती है। एलएलएसटी कैमरा को कैलिफोर्निया के स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में ऊर्जा विभाग के SLC नेशनल एक्सेलेटर लैबोरेटरी में बनाया गया। इसे पूरी तरह से तैयार करने में 700 मिलियन डॉलर यानी भारतीय कीमत में तकरीबन 57 बिलियन डॉलर का खर्चा आया है। कैमरे के सेंसर और ऑप्टिकल डिजाइन को देखते हुए इसकी इतनी महंगी कीमत का होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है।



### कैमरे के फीचर्स

एलएलएसटी कैमरे का आकार एक छोटी कार के जैसा है। इसका वजन 3 टन के करीब है। 3,200 मेगापिक्सल सेंसर के अलावा इसमें 5 फुट चौड़ा फ्रंट लेंस भी है। यह पूरे 10 साल यानी एक दशक तक रात के समय आसमान में हो रही हलचल को रिकॉर्ड कर सकता है। यह डार्क एनर्जी और डार्क मैटर के नेचर को भी जानने में मदद कर सकता है। इसके अलावा यह चंद्रमा की सतह पर मौजूद बेहद छोटे कण को भी हाई क्वालिटी में कैप्चर कर सकता है।

### मैप बनाने में मदद करेगा कैमरा

पूर्व एलएलएसटी कैमरा प्रोजेक्ट मैनेजर और लॉरेंस लिवरमोर नेशनल लेबोरेटरी (एलएलएनएल) इंजीनियर विंसेंट रिऑट के मुताबिक एलएलएनएल को बेहद गर्व है कि उसे दुनिया के सबसे बड़े लैंस व एलएलएसटी कैमरे के लिए बड़े लैंस और ऑप्टिकल फिल्टर के डिजाइन और निर्माण की देखरेख करने का मैका मिला। वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जेल्को इवेजिक का कहना है कि एलएलएसटी कैमरे के पूरे होने और चिली में रुबिन ऑब्जर्वेटरी सिस्टम के बाकी हिस्सों के साथ जुड़ने से हम जल्द ही रात के आसमान का अब तक का सबसे जानकारीपूर्ण मैप बनाना शुरू कर देंगे।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl